# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 54 । नर्मदापुरम, बुधवार 21 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



मप्र में 1 लाख से अधिक कुओं को किया जा रहा रिचार्ज — पृष्ठ 2

काश भाजपा जनसंघ जैसी ही बनी रहती! / बदला युद्ध है ऑपरेशन सिंदूर — पृष्ठ 4

दिनदहाड़े महिला से पिस्टल अड़ाकर छीनी सोने की चेन — पृष्ठ 5

लालबाग के ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण 2 साल में पूरा होगा — पृष्ठ 8


## मोहन मंत्रिपरिषद ने महिला सशक्तिकरण और सुशासन के लिए देवी अहिल्या बाई के कार्यों को किया याद, कई महत्वपूर्ण फैसले लिए

# शहरों के विकास के लिए बनेंगे प्राधिकरण



### 3 हजार 867 करोड़ के निर्माण कार्यों की दी स्वीकृति

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में शहरों के सुनियोजित विकास के लिए शहरी विकास प्राधिकरण बनाए जाएंगे। इससे शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार ने इसके लिए महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। इस अधिनियम के लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज इंदौर के राजवाड़ा में हुई बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। देवी अहिल्या बाई को समर्पित इस बैठक में महिला सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में उनके कार्यों को याद किया गया और कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिपरिषद ने 3 हजार 867 करोड़ की योजना व निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की है। बैठक के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्राधिकरण का उद्देश्य शहरों का सुव्यवस्थित ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन होगा शुरू

श्री विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को फिर से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यममंत्री शहरी स्वच्छता मिशन योजना 2025-26 से 2028-29 तक लागू होगी। इसके लिए 277 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ताकि नगर निगमों के पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो।

### अहिल्या बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा

श्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में कौशल विकास के लिए लोकमाता देवी अहिल्या बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने को स्वीकृति दी है। इसमें प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नया प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसमें महिला और पुरुष कोई भी शामिल हो सकेगा। एमपीएसएसडीईजीबी को योजना के संचालन हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

#### राहवीर योजना से बचेगी जान

### घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपए

सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए मंत्रिपरिषद ने राहवीर योजना की घोषणा की। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसे पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। योजना के लिए संबंधित व्यक्ति को दुर्घटना वाली जगह से 108 नंबर पर कॉल करना भी अनिवार्य होगा। इस योजना से दुर्घटना में घायलों की समय पर इलाज मिलने से जान बच सकेगी।

### शाह को बैठक से रखा दूर

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को मंत्रीपरिषद की बैठक से दूर रखा गया। बताया जाता है कि शाह को बैठक का एजेंडा भी नहीं भेजा गया था। सत्ता और संगठन के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि कर्नल सोफिया को लेकर बयान देने के बाद शाह घिर गए हैं। उनके बयान को लेकर उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लिया था और उन्हें कड़ी फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह को कोई राहत नहीं दी है बल्कि उनकी टिप्पणियों पर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

#### मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद को दी जानकारी

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में आएंगे मोदी



▸ इंदौर में मेट्रो और दतिया-सतना एयरपोर्ट का करेंगे लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनों का महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 3 सौं वीं जयंती पर यह आयोजन किया जा रहा है। श्री मोदी भोपाल से ही इंदौर मेट्रो और दतिया व सतना हवाई अड्डे का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रीपरिषद के सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अहिल्याबाई होल्कर की 3 सौं वीं जयंती पर 21 मई से 31 मई तक कई कार्यक्रम का आयोजन हो रहे हैं। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई 2025 तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन होंगे। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### नरसिंहपुर में 26 से 28 तक कृषि-उद्योग समागम होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी प्रदेश है। कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 को कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू है और नामांकन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें करने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हैं।

### खुफिया ब्यूरो के निदेशका डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारी श्री डेका का कार्यकाल आगामी 30 जून को समाप्त हो रहा था। कार्मिक , लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अखिल भारतीय सेवा नियम 1958 और नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में छूट देते हुए श्री डेका को आगामी 30 जून से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो , खुफिया ब्यूरो के निदेशका के रूप में सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### भारी बारिश के कारण दीवार ढहने से 3 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मदुरै जिले में तिरुपरनकुंड्रम के पास वलयनकुलम गांव में सोमवार देर रात भारी बारिश के कारण दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने घटना को लेकर जानकार देते हुए बताया कि बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी थी, इसलिए पीड़ित अपने घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान अम्मा पिल्लई, उनके पड़ोसी वेंकट अम्मल और अम्मा पिल्लई के 10 वर्षीय पोते वीरमणि के रूप में हुई है।


### बेंगलुरू में प्री-मानसून बारिश ने ली 3 की जान

**बेंगलुरू, एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरू में बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों की मौत हो गई। शहर में 18 मई को 104 मिलीमीटर के आसपास भारी प्री-मानसून बारिश हुई, जो पूर्वानुमान से कहीं अधिक है। बारिश से जुड़ी एक घटना में मनमोहन कामथ तथा एक नेपाली मूल के निवासी के 12 वर्षीय पुत्र दिनेश की मौत हो गई, मनमोहन कामथ डॉलर्स कॉलोनी के एक अपार्टमेंट परिसर में बेसमेंट में भरे पानी को निकालने के लिए मोटर लगा रहे थे और इस दौरान बिजली का झटका लगने से उनकी मौत हो गई। दक्षिण पूर्व बेंगलुरू की पुलिस उपायुक्त सारा फातिमा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गोवा, सिक्किम, महाराष्ट्र का स्थापना दिवस मनाया गया


**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात के गांधीनगर स्थित राजभवन में मंगलवार को गोवा, सिक्किम और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस पूरी भव्यता से मनाया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए अमानवीय कृत्य का बदला हमने दृढ़ता से लिया है और समग्र विश्व को अपनी एकता की ताकत दिखायी है। यह इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि भारत में बसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी सहित तमाम धर्म और जाति के लोग मातृभूमि के लिए समर्पित हैं। दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेना की वीरता के कारण देश के दुश्मन क्षणभर में घुटनों पर आ गए। राजभवन में गोवा, सिक्किम और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर देवव्रत ने राजभवन के आमंत्रण पर पधारे गोवा, सिक्किम और महाराष्ट्र के गुजरात में बसे लोगों का स्वागत किया। उन्होंने उनके राज्यों के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

# नहीं रहे डॉ. जयंत नार्लीकर



**मुंबई, एजेंसी।** प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक जयंत नार्लीकर का आज 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान से होगा। डॉ नार्लीकर का जन्म 19 जुलाई 1938 को कोल्हापुर में एक विद्वान परिवार में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर एक गणितज्ञ और सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में गणित विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख के रूप में कार्य किया था, और माँ सुमति नार्लीकर संस्कृत की विद्वान थीं। द एडवेंचर एक मनोरंजक विज्ञान कथा है जिसे जयंत नार्लीकर ने लिखा है, जो एक प्रमुख भारतीय लेखक और वैज्ञानिक हैं।

# एमआर श्रीनिवासन का निधन



**चेन्नई, एजेंसी।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। भारत के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार, डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया, जो पांच दशकों से भी ज्यादा चला। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर भारत के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था।

#### कांग्रेस ने 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की निंदा की, कहा-

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### गुजरात में 365 दिन धारा 144 लगी रहती है

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सत्ता के खिलाफ जो भी आवाज उठती है, उसे कुचल दिया जाता है। जो भी व्यक्ति समाज से जुड़े जरूरी मुद्दों-बच्चों में कुपोषण, किसानों की जमीन आदि पर आवाज उठाता है,उसे देशद्रोही कहा जाता है। गुजरात एक ऐसा राज्य है, जहां पर 365 दिन धारा 144 लगी रहती है, ताकि कोई प्रदर्शन न कर पाए। आखिर गुजरात में हो क्या रहा है।

### भाजपा-कांग्रेस में पोस्टर वार

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया।

#### सरकार ने तृणमूल कांग्रेस के आग्रह को माना

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए गए अभिषेक बनर्जी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की अनिवार्यता बताने और पाकिस्तान के आतंकवाद प्रेम को बेनकाब करने के लिए केंद्र सरकार ने सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख देशों में भेजने का फैसला किया है।

इस बीच, यूसुफ पठान के प्रतिनिधिमंडल से नाम वापस लेने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को प्रतिनिधिमंडल में नामित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की वैश्विक पहुंच के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को नामित किया है। ऐसे समय में जब दुनिया को आतंकवाद के बढ़ते खतरे का सामना ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से होगी शुरू

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे।

#### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार

# छगन भुजबल ने ली मंत्री पद की शपथ



**मुंबई, एजेंसी।** वरिष्ठ एनसीपी नेता और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक समारोह में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई।

मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा- 'कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।' दरअसल, पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, 77 साल के छगन को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, जिससे वह नाराज चल रहे थे। भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट में एनसीपी के दिग्गज नेता धनंजय मुंडे की जगह ली है।। मुंडे ने मार्च में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री पद ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

#### बैसारण का नाम बदलने वाली याचिका खारिज

### उच्च न्यायालय ने कहा, नाम बदलना सरकार का काम

**चंडीगढ़, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के स्थान के नामकरण के लिए आज दायर की गई एक जनहित याचिका को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

याचिका के माध्यम से मांग की गई थी कि पहलगाम के उस स्थान का नाम 'शहीद हिंदू घाटी टूरिस्ट प्लेस' रखा जाए और मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। याचिका को खारिज करने के साथ ही चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमीत गोयल की बैंच कहा कि इस प्रकार के निर्णय केवल सरकार या संबंधित प्राधिकरण द्वारा ही लिए ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

#### वक्फ कानून पर हुई सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# अंतरिम राहत के लिए मजबूत वजह जरूरी

- केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए आज फिर होगी सुनवाई
- वक्फ संशोधन कानून को दी गई है चुनौती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती।

अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### जज बनने के लिए 3 साल वकालत अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ,न्यायमूर्ति ए जी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं।

शीर्ष अदालत ने कहा, न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### अब 9 जुलाई को होगी हड़ताल

**इटारसी, देशबन्धु।** केन्द्रीय ट्रेंड यूनियन के संयुक्त मंच ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिको की जान जाने के बाद बने देश के हालात को देखते हुए अपनी देशव्यापी हड़ताल को स्थगित कर दिया है। ट्रेड यूनियन की इस हड़ताल के विषय में बताया गया है कि ट्रेड यूनियन ने राष्ट्रहित में जिममेदार होने का दायित्व निर्वहन करते हुऐ देश व्यापी आम हड़ताल की तारीख 20 मई को आगे बढ़ाकर 9 जुलाई को करने का निर्णय लिया है।

### छोटा महादेव धार्मिक स्थल पर फैली गंदगी



**आमला, देशबन्धु।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल छोटा महादेव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जो धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचा रहा है। मंदिर परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। इस ओर प्रशासन का ध्यान नही है। इस कारण श्रद्धालुओ को मंदिर में पूजा-अर्चना करने में काफी समस्या सामना करना पड़ रहा है। वही मन्दिर परिसर में बंदरों का भी आतंक है श्रद्धालुओ को भोजन बनाने में तकलीफ होती है। बंदर खाने की सामग्रियों को लेकर भाग जाते है ओर नष्ट कर देते है। श्रद्धालुओं ने कलेक्टर से मांग की है कि मंदिर परिसर में गंदगी की साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है और श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से साफ-सफाई तत्काल साफ-सफाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में गंदगी न हो इसके लिए उचित व्यवस्था की जाए।

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज इटारसी में मंत्र इनिशिएटिव के अंतर्गत मेंटरशिप कार्यक्रम प्राचार्य आरके चौलकर के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी श्रीमती पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया। संस्था के मेंटर योगेश बरखने प्रशिक्षण अधिकारी (मैकेनिकल, पासआउट वर्ष 2019) एवं कृष्ण कुमार अहिरवार (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकॉम ब्रांच पास आउट वर्ष 2023) फोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने संस्था के विद्यार्थियों को अपने विद्यार्थी जीवन के 3 वर्षों के पठन-पाठन के अनुभव साझा किए। प्लेसमेंट की तैयारी कैसे करें, नवीन कंपनियों की जानकारी, उनके मापदंड, पैकेज एवं पात्रता से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसी अनुक्रम में परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इस पर चर्चा, समय प्रबंधन, उच्च शिक्षा संबंधी विषयों पर मेंटर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था से लोकेंद्र सिंह बनाफर, रामकुमार उईके, नीलेश गौर, श्रीमती शिवांगी मालवी एवं संस्था के 100 से भी अधिक विद्यार्थी कारण स्मार्ट क्लास रूम में उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब सुदर्शन की नयी कार्यकारिणी का गठन

#### चौधरी अध्यक्ष, दुबे सचिव मनोनीत



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस क्लब इटारसी सुदर्शन की वर्ष 2025-26 हेतु नई कार्यकारिणी के गठन हेतु आज हुई मीटिंग में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु लायन प्रदीप चौधरी का नाम लायन रवि अठौत्रा ने प्रस्तावित किया जिसका सर्वसम्मति से लायन संदीप तिवारी ने समर्थन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ सचिव पद हेतु लायन अशोक दुबे का नाम सर्वसम्मति से लायन अशोक मालवीय ने प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन लायन अयूब खान ने किया। कोषाध्यक्ष के लिए लायन बीबी आर गांधी ने संजय दीवान का नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया जिसका समर्थन लायन रविराज सोनी ने किया, साथ ही प्रथम उपाध्यक्ष के लिये सर्वसम्मति से विनोद चौरे का नाम लायन अंजना तिवारी ने प्रस्तावित किया जिसका समर्थन लायन सुखमीत सोखी ने किया। द्वितीय उपाध्यक्ष के लिये लायन सुखमीत सोखी का नाम लायन दीपक सोनी ने प्रस्तावित किया जिसका समर्थन लायन केके चौधरी ने किया। नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल जुलाई 2025 से जून 2026 तक रहेगा। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# मप्र में 1 लाख से अधिक कुओं को किया जा रहा रिचार्ज

## कृषकों को सिंचाई व पीने के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी

### जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रह जल संरक्षण के कार्य

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान अभियान को मजबूती देने एवं प्रकृति, पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार मिशन के रूप में कार्य कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत प्रदेश के 1 लाख कुओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य तय किया है। कुओं के पास कूप रिचार्ज पिट (डगवेल रिचार्ज विधि) बनाये जा रहे हैं। कूप रिचार्ज पिट को बनवाने में प्रदेश के कृषकों ने भी जागरूकता दिखाई है। कुओं के रिचार्ज होने से भू-जलस्तर बढ़ेगा, साथ ही कृषकों को सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी भी उपलब्ध होगा।



प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान में बारिश के पानी को सहेजने व पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करने का कार्य किया जा रहा है। तीन माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बारिश के पानी का संयचन करने व पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में खेत-तालाब, कूप रिचार्ज पिट, चैक, डैम, अमृत सरोवर सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश में 1 लाख 3 हजार कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें से 75 हजार से अधिक कुओं के पास कूप रिचार्ज पिट बनाने का कार्य शुरू हो गया है। खंडवा जिले में कूप रिचार्ज पिट बनाने को लेकर दिए गए लक्ष्य से अधिक का निर्माण कर दिया गया है। कूप रिचार्ज पिट बन जाने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही गर्मियों में कुओं के सूखने की संभावना भी कम हो जाएगी। कूप रिचार्ज पिट बनाने के लिए एक खास संरचना तैयार की गई है। जिसमें पत्थर और मोटी रेत की परतें होंगी। पिट का निर्माण कुएं से 3 से 6 मीटर की दूरी पर किया जाएगा। इसके लिए 3 मीटर लंबा, 3 मीटर चौड़ा और 8 मीटर गहर गड्ढा खोदा जा रहा है। गड्ढे में 8 इंच का पाइप डालकर इसे कुएं के अंदर डाला जाएगा। फिर कुएं में पाइप के छोर पर एल्बो लगाकर 1 फिट का पाइप नीचे की तरफ लगाया जाएगा। इसके बाद पाइपलाइन के जरिए कुएं तक पहुंचाया जाएगा।

## गांजे की खेती या गाजर घास? सोशल मीडिया पर भूचाल

**बैतूल/सारणी, देशबन्धु।** बैतूल जिला चरस और अफीम की अवैध खेती के लिए पहले से ही बदनाम है, अब सारणी के क्षेत्र से एक और चौंकाने वाली खबर आ रही है! सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रही इस खबर के अनुसार, छुरी गांव में गांजे की अवैध खेती का मामला सामने आया है। यह खबर आधा हकीकत और आधा फसाना बनकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। लोग तरह-तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं और सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन पर निशाना साध रहे हैं।




एक फेसबुक अकाउंट पर राष्ट्रीय भूषण कांति ने पोस्ट किया, रात में गांजा, माननीय के दखल के बाद सुबह गांजा गाजर घास हो गईज. वाह रे सत्ता, क्या इस मामले में सत्ता का भी दबाव है? दूसरे फेसबुक अकाउंट हेमंत धोटे ने पोस्ट किया, सुना है नशीली गाजर घास पकड़े हैं सारणी ग्रामीण मंडल में। क्या यह गाजर घास वाकई में नशीली थी? इन पोस्टों के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि सारणी के बागडोना भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल के छुरी स्थित खेत में सोमवार की रात पुलिस द्वारा छापा मारा गया, जहां पर 7-7 फीट के गांजे के पौधे पकड़ाए हैं। कहा जा रहा है कि रात भर जांच चली और सुबह जब जांच खत्म हुई तो गांजा गाजर घास में तब्दील हो गई।

खैर, इस मामले में क्या हकीकत और क्या फसाना है, यह तो प्रशासन ही जाने। लेकिन सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही इन खबरों ने लोगों को असमंजस में डाल दिया है।

### इनका कहना है

मेरे खेत में गांजा पकड़ने वाली बात अफवाह है। किसी ने मेरे बारे में झूठी शिकायत की थी। मेरे मंडल अध्यक्ष बनने पर कुछ लोग राजनीतिक षड्यंत्र कर रहे हैं। पुलिस द्वारा जांच की गई किंतु ऐसा कुछ नहीं पाया गया।

**दीपक पटेल ( सिनोटिया )**
**भाजपा मंडल अध्यक्ष, बागडोना**

सूचना मिली थी ग्राम छुरी में दीपक पटेल के खेत पर गांजे की खेती की जा रही है। लेकिन वहां जाकर जांच की गई तो ऐसा कुछ नहीं पाया गया।

जयपाल इवनाति, थाना प्रभारी सारनी

## जनसुनवाई में पार्षद ने दी कालोनी के जलनिकासी को बंद करने की चेतावनी

**इटारसी, देशबन्धु।** माह के तीसरे मंगलवार आज नगर पालिका कार्यालय में जनसुनवाई हुई। आमजन की समस्याओं को सुनने जनसुनवाई डेस्क पर तहसीलदार प्रियंका भलावी, नायब तहसीलदार शक्तिसिंह तोमर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय से अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जनसुनवाई में करीब एक दर्जन लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किये। इनमें दस आवेदन नगर पालिका से संबंधित थे, जिनमें ज्यादातर तो सड़क, नाली सफाई से संबंधित थे, कुछ अतिक्रमण से संबंधित आवेदन आये। पूर्व पार्षद यज्ञदत्त गौर ने दुकानों से संबंधित आवेदन दिया है तो पार्षद जिम्मी कैथवास ने उनके वार्ड के अंतर्गत ईशान टाउन कालोनी के निकासी नाले से बाढ़ की संभावना जताते हुए निराकरण की मांग की है।



उन्होंने बताया कि कालोनी के निकास का पानी सालभर उनके वार्ड में आता है, उन्होंने चेतावनी दी कि मानसून पूर्व निराकरण नहीं हुआ तो वार्ड की जनता के साथ मिलकर पानी को बंद कर देंगे जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। इसके अलावा दो आवेदन तहसील आफिस से संबंधित थे, जिन्हें तहसीलदार अपने साथ ले गये।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखी खेल, कला, योग सरीखी कई विधाएं

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय पीएमश्री विद्यालय सूरजगंज में 20 दिनी समर कैंप का समापन स्कूल के विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में हुआ। खेल शिक्षक विनोद दुबे ने बताया कि कैंप में ड्राइंग एवं चित्रकला का प्रशिक्षण श्रीमती राजबाई शर्मा एवं उषा ऊइके ने, नृत्य का प्रशिक्षण श्रीमती रिमी सिंग, श्रीमती पणिता पटेल ने, रंगोली में श्रीमती अर्चना सिंह, गीता सुतार ने, पेंटिंग में श्रीमती प्रीति शिवहरे एवं दुर्गा झरबड़े ने दिया। इस तरह से संस्कृत कार्यक्रम में श्रीमती विनीता दुबे, श्रीमती श्रीदेवी सराठे ने विभिन्न कलाकृतियों का प्रशिक्षण दिया। खेलकूद गतिविधियां खेल एवं योग प्रशिक्षण शिक्षक विनोद दुबे, ओपी पटेल, ओपी तिवारी, आदित्य ने, इंग्लिश स्पीकिंग का संचालन बृजेश जाटव, संगीत का प्रशिक्षण अतिथि शिक्षक सूरज ने दिया। समापन कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास करना और गर्मियों की छुट्टियों को रोचक बनाना है। कार्यक्रम में शिक्षक महेश मालवी, प्रधान पाठक महेश रायकवार, लेखपाल हरीश पटेल, श्रीमती अनुराधा मिश्रा, विनय कुमार सोनिया, शिक्षिका रेखा तोमर, जस्सी भगत, मयंक उपस्थित रहे। संचालन श्रीमती शोभना गौर, आभार महेश मालवीय ने किया।



## विश्वमधुमक्खी दिवस पर यूथ इंटरफ़ेसका आयोजन

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र गोविन्दनगर में विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर आर्या परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को एक दिवसीय यूथ इंटरफ़ेस का आयोजन किया गया। जिसमे आर्या परियोजना के सभी कंपोनेंट के 60 युवाओ ने सहभागिता की। कार्यक्रम में आर्या परियोजना के नोडल अधिकारी ब्रजेश कुमार नामदेव ने विश्व मधुमक्खी दिवस के महत्त्व को युवाओ को अवगत कराया। उन्होंने कहा कृषि खाद्य प्रणालियों और हमारे ग्रह के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में मधुमक्खियों और अन्य परागणकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है विश्व मधुमक्खी दिवस, लोगों को हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मधुमक्खियों और अन्य परागणकों की भूमिका से अवगत कराने के लिए मनाया जाता है। मधुमक्खियों और अन्य परागणकर्ता पर्यावरणीय स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में भी काम करते हैं, जो पारिस्थितिक तंत्र और जलवायु में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।



पशुपालन विभाग से डॉ जगदीश पेठिया ने पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी, उधानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से हीरेश कुमार पटेल एवं पवन रघुवंशी व् संजय तिवारी ने विभाग की विभिन्न योजनाओ के बारे में अवगत कराया एवं पी.एन.बी. बैंक बनखेड़ी के ब्रांच मैनेजर शैलेश ठाकुर ने बैंक के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में बहुत ही सरल तरीके से युवाओं के बीच साझा की। कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख संजीव कुमार गर्ग ने आर्या परियोजना के बारे में विस्तार से समझाया एवं डॉ आकांक्षा पाण्डेय द्वारा स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आर्या परियोजना के युवाओ को सामग्री एवं पैकिंग मशीन प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ युवाओं तक कैसे पहुंचे इसकी जानकारी विभिन्न विभागीय, राष्टीयकृत बैंक व कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया।

## प्रोटोकॉल के मुताबिक अब मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष होंगे सबसे पहले

**इटारसी, देशबन्धु।** जिला सत्कार अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नर्मदापुरम ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों को एक पत्र भेजकर शासकीय कार्यक्रमों व बैठकों में प्रोटोकॉल के संबंध में अवगत कराया है। उन्होंने 8 मई 2025 को लोकसभा सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक नर्मदापुरम, सोहागपुर, पिपरिया, सिवनी मालवा को अवगत कराया है कि मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने जनप्रतिनिधियों के लिए क्या प्रोटोकॉल निर्धारित किए हैं। साथ ही उन्हें मप्र राजपत्र असाधारण दिनांक 23 दिसंबर 2011 की प्रति भी भेजी है, जिसमें मप्र में प्रोटोकॉल के क्रम की सूची है। इसके मुताबिक जिले में नर्मदापुरम विधायक व मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा की प्रोटोकॉल में वरीयता में पहले आएंगे। इनके बाद संसद सदस्य व विधायक होंगे। कुछ दिनों पूर्व जिला सत्कार अधिकारी नर्मदापुरम ने प्रोटोकॉल के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया था।

### यह है वरीयता क्रम

जिले की बात करें तो यहां लोकसभा सांसद, राज्य सभा सांसद, मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक मौजूद हैं। जिले से कोई भी कैबिनेट मंत्री या राज्य मंत्री नहीं है। यदि इनकी प्रोटोकॉल सूची देखें तो प्रोटोकाल सूची में 22 क्रम पर मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष आते हैं। जिले में नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हैं। जबकि वरीयता में 24 वे क्रम पर संसद सदस्य, विधायक, नगर निगम के महापौर शामिल हैं। ऐसे में मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष का क्रम अन्य जनप्रतिनिधियों से पहले आता है। जिले में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पालन नहीं हो रहा था। लेकिन अब जिला सत्कार अधिकारी ने समस्त जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर आग्रह पूर्वक उन्हें प्रोटोकॉल से अवगत कराया है।

## मछली बाजार के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा पर विधायक का किया आभार

**इटारसी, देशबन्धु।** पिछले दिनों पुराने बस स्टैंड पर आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने मछली बाजार निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की थी। उनकी इस घोषणा से नगर के मछली विक्रेता खुश हैं और उन्होंने इसके लिए विधायक का आभार व्यक्त किया है। मत्स्य व्यापारी संघ इटारसी के व्यापारियों ने अपनी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर डॉ. सीतासरन शर्मा का उनके कार्यालय में जाकर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। मत्स्य व्यापारी संघ इटारसी के अध्यक्ष मोहन रायकवार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक कार्यक्रम में विधायक ने मछली मार्केट बनाने के लिए 5 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की थी।



आज वार्ड के पार्षद अमित विश्वास के साथ कार्यालय में सभी मत्स्य व्यापारियों ने विधायक एवं नगर पलिका अध्यक्ष महोदय पंकज चौरे का आभार व्यक्त कर मछली मार्केट को जल्द से जल्द निर्माण करने का अनुरोध किया। आभार व्यक्त करने वाले में मनोज दास, सुन्नू रायकवार, लालू रायकवार, सचिन रायकवार, बंटी रायकवार, लोकेश रायकवार, राहुल रायकवार सहित अनेक मत्स्य व्यापारी थे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किराना दुकान से लिए नमूने



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल द्वारा अमला स्थित लच्छू मंसाराम अनाज भंडार से शक्कर, मैदा व साबूदाने के नमूने लिए गए तथा अल्फी किराना से सौंफ एवं सुपारी के नमूने लिए गए। लिए गए सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। यह करवाई सतत जारी रहेगी।

नर्मदापुरम, बुधवार 21 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डा. नार्लीकर का निधन

मशहूर खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाएं भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं। नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है।

धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़ है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी भी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है। लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है।

इस निराशाजनक माहौल को सुधारा जा सकता है, बशर्ते हमारे बीच जयंत विष्णु नार्लीकर जैसे वैज्ञानिक, विज्ञान शिक्षक और लेखक हों। एक वक्त में डॉ. नार्लीकर के अंग्रेजी लेखों के हिन्दी अनुवाद देशबन्धु में प्रकाशित होते थे। डा. नार्लीकर बेहद सरल भाषा में खगोल विज्ञान और जटिल वैज्ञानिक जानकारी को समझाते थे। किसी कठिन कार्य के लिए प्रचलित मुहावरा है कि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन देखा जाए तो डा. नार्लीकर ने रॉकेट साइंस को ही आसान बनाकर लोगों तक पहुंचाया था। जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में उत्कृष्टता पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे, उस दौर में डा. नार्लीकर ने विज्ञान के तथ्यों को बहुत सरल और रोचक अंदाज में पेश किया। दूरदर्शन पर प्रसारित ब्रह्मांड नामक शो के माध्यम से नार्लीकर ने बच्चों को रॉकेट और अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया। 80 और 90 के दशक के बच्चे अगर चांद और मंगल को लेकर उत्सुक हुए, विज्ञान में उनकी रूचि जगी या वैज्ञानिक बनने के बारे में वे सोच पाए तो इसका बड़ा श्रेय जयंत नार्लीकर को भी जाता है। जिनकी किताबों और व्याख्यानों को विज्ञान को बोझिल विषय से रोचक विषय बना दिया।

वैसे तो साहित्य और विज्ञान अलग-अलग क्षेत्र माने जाते हैं। विज्ञान कथाएं लिखने वाले लोग भारतीय भाषा के साहित्य में अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। जयंत विष्णु नार्लीकर उन्हीं में से एक थे। डॉ. नार्लीकर की कई कहानियां लोकप्रिय हुईं। 'अंतरिक्ष में विस्फोट' और 'वायरस' नाम के दो उपन्यास उन्होंने मराठी में लिखे। अंतरिक्ष में विस्फोट में अतीत में अंतरिक्ष में घटी घटना, वर्तमान और भविष्य में धरती को बचाने का रोचक वर्णन है। इसी तररह वायरस में अंतरिक्ष के दूसरे ग्रहों से पृथ्वी के कंप्यूटर्स को खराब करने की कोशिश और वैज्ञानिकों द्वारा उसे बचाने का रोचक कथानक है। एनसीईआरटी ने 11वीं के पाठ्यक्रम में द एडवेंचर' नाम की कहानी रखी थी। डा. नार्लीकर की इस कहानी में प्रोफेसर गंगाधरपंत गायतोंडे की समय-यात्रा को बताया गया है, जिसमें वे अतीत में जाते हैं और खुद को ऐसे मुंबई शहर में पाते हैं, जो मौजूदा मुंबई से काफी अलग है। द एडवेंचर जैसे ही विषय पर हॉलीवुड में बैक टू द फ्यूचर जैसी फिल्म भी बनी है।

डा.नार्लीकर की विज्ञान कथाएं कोरी फंतासी नहीं होती, बल्कि उनमें विज्ञान की परतों को तथ्यों के साथ खोलने की कोशिश दिखाई देती है। वे बताते हैं कि हमारी असलियत ही इस ब्रह्मांड का एकमात्र सच नहीं है, इसके अलावा भी अन्य कई वास्तविकताएं हैं, जिन्हें समझने की कोशिश हमें करना चाहिए।

'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण', महाराष्ट्र भूषण, संरा का कलिंग पुरस्कार जैसे कई सम्मान और अवार्ड डा. नार्लीकर के नाम हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा लेकर 1972 में वापस भारत लौटे डा. नार्लीकल ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) में खगोल विज्ञान विभाग के प्रमुख का पद संभाला। 1988 में इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफ़िज़िक्स (आयुका) संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर बने। इसी साल यूजीसी ने डॉ. नार्लीकर को अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र के संस्थापक निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वे सेवानिवृत्ति तक बने रहे। फ्रेंड होयल के साथ डा. नार्लीकर ने 'होयल-नार्लीकर थ्योरी ऑफ ग्रैविटी' विज्ञान जगत को दी, जिसकी दुनिया भर में चर्चा होती है।

देश में वैज्ञानिक चेतना को बढ़ाने और खासकर बच्चों में विज्ञान के लिए रुचि पैदा करने से डा. जयंत विष्णु नार्लीकर को सही मायने में श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

# काश भाजपा जनसंघ जैसी ही बनी रहती!


करीब पांच दशक पहले यानी आपातकाल के बाद पांच दलों के विलय से बनी जनता पार्टी का प्रयोग हालांकि ज्यादा समय तक नहीं चल पाया था लेकिन केंद्र सहित कई राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने कुछ काम बहुत अच्छे किए थे। मसलन, संवैधानिक प्रावधानों का सहारा लेकर देश पर तानाशाही थोपे जाने की राह को जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने बहुत दुर्गम बना दिया था, नागरिकों के मौलिक अधिकार बहाल किए थे, कार्यपालिका की शक्तियां सीमित कर न्यायपालिका की आजादी सुनिश्चित की थी और भारत रत्न व पद्म अलंकरण जैसे सरकारी सम्मानों की बंदरबाट बंद कर दी थी। इसी तरह, राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने भी कुछ काम बहुत अच्छे किए थे, जो आज भी याद किए जाते हैं।

इस सिलसिले में मध्य प्रदेश से जुड़े एक वाकये का ज़िक्र करना इस समय प्रासंगिक है। आपातकाल से पहले तक मध्य प्रदेश में विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी में हुआ करता था। यह स्पष्ट रूप से एक सामंती व्यवस्था थी और जनता के पैसे का दुरुपयोग भी। इस व्यवस्था को 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने खत्म कर दिया था। उस सरकार के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी थे, जो जनता पार्टी में शामिल जनसंघ घटक के नेता थे। उन्होंने अपनी कैबिनेट की पहली ही मीटिंग में फैसला कराया था कि अब से विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी के बजाय भोपाल में ही हुआ करेगा। चूंकि कैलाश जोशी बेहद भले और ईमानदार व्यक्ति थे, इसलिए जनता पार्टी में उनके ही घटक यानी जनसंघ के एक गुट ने शुरू दिन से उनके खिलाफ साजिश रचनी शुरू कर दी थी, जो कि कुछ महीनों बाद सफल भी हो गई। कैलाश जोशी को एक अज्ञात बीमारी का शिकार बता कर मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया।

बहरहाल इस किस्से का जिक्र इसलिए कि कैलाश जोशी तो अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन मध्य प्रदेश में सरकार उनकी ही पार्टी की है, मगर सरकार चला रहे लोगों और कैलाश जोशी जैसे नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे में जमीन-आसमान का फर्क है। अब प्रदेश में जनता के पैसे का बेरहमी से दुरुपयोग करते हुए नित नए ऐसे-ऐसे नाटक किए जा रहे हैं, जिनका जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे गांव-कस्बों तक के नाम बदलकर धार्मिक प्रतीकों के आधार पर उनके नए नाम रखे जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर नाम बदलने की ख़ब्त इस कदर सवार है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले अपने गृह नगर उज्जैन में स्थित विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदल कर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कर दिया।

सब जानते हैं कि नाम बदलने के इस उपक्रम के चलते सरकारी खजाने का लाखों-करोड़ों रुपया खर्च होता है। धार्मिक पर्वों और उत्सवों को भी सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है, जिस पर सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये फूंके जा रहे हैं। ऐसे तमाशे सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी चल रहे हैं, जहां भाजपा की सरकारें हैं।

मप्र में तो यह स्थिति तब है जब राज्य पर देश के कुल कर्ज का पांच फीसदी से ज्यादा कर्ज है। देश पर इस समय करीब 95 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसमें मध्य प्रदेश का कर्ज करीब पांच लाख करोड़ रुपये है। इस आर्थिक बदहाली के चलते राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं ठप हैं और राज्य सरकार को अपना काम चलाने के लिए हर तीन महीने में पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने पड़ रहे हैं।



अनिल जैन

**'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई।**

'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई। बैठक के लिए राजबाड़ा के दरबार हॉल की ठीक उसी अंदाज में सजावट की गई जैसे होल्कर शासकों का दरबार लगता था। पूरे राजबाड़ा की नए सिरे से रंगाई-पुताई कराई गई और उसे बिजली के रंग-बिरंगे लट्टुओं से सजाया गया। राजबाड़ा के बाहर मीडिया और आम लोगों यानी भाजपा कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए बड़े-बड़े वातानुकूलित पांडाल बनाए गए। यह सब इंतजाम करने के लिए कैबिनेट की बैठक के दो दिन पहले से राजबाड़ा के आसपास के सभी मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई, जिससे पूरे शहर में अफ़रा-तफ़री का माहौल बना रहा। राजबाड़ा के आसपास का पूरा इलाका व्यावसायिक क्षेत्र है, लेकिन वाहनों की आवाजाही बंद होने से कारोबारी गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं।

इससे पहले उज्जैन, महेश्वर, सिंग्रामपुर (दमोह), जबलपुर आदि शहरों में भी कैबिनेट की बैठकें हो चुकी हैं और वहां भी यही सब कुछ हुआ था। अब कैबिनेट की अगली बैठक अगले महीने की 3 तारीख को पचमढ़ी में होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे और संभावित स्थानों को चिन्हित करें जहां कैबिनेट की बैठकें हो सकें।

राजधानी से बाहर होने वाली इन बैठकों के लिए हफ्तों पहले से तैयारियां शुरू होती हैं, जिनमें जिले का पूरा प्रशासनिक अमला बाकी सारे काम छोड़कर जुटता है। जिस स्थान पर बैठक होनी होती है, उसे और उसके आसपास के इलाके को सजाने-संवारने, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था आदि पर करोड़ों रुपयों का खर्च होता है।

कैबिनेट की बैठक इंदौर में आयोजित करने के बारे में जो संदर्भ बताया गया वह भी बेहद हास्यास्पद है। बताया गया कि अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उन्हें सम्मान देने और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में कैबिनेट की बैठक रखी गई।

दरअसल इंदौर से अहिल्याबाई के नाम को जोड़ने की यह कोशिश नई नहीं है। इंदौर के जनजीवन में भी जब कुछ अच्छा-बुरा होता है तो लोग भावुकता, मूर्खता या पाखंडवश अहिल्याबाई होलकर को याद करने लगते हैं। कुछ अच्छा हो तो कहा जाने लगता है 'अहिल्याबाई का शहर गौरवान्वित हुआ'। कुछ बुरा हो तो कहा जाता है कि 'अहिल्याबाई का शहर कलंकित हुआ'। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि इंदौर से अहिल्याबाई का कभी कोई संबंध रहा ही नही।

इंदौर को अहिल्याबाई का शहर बताने और मानने वालों को न तो इंदौर के इतिहास की जानकारी है और न ही होलकर रियासत की। अहिल्याबाई के बारे में भी ये लोग कुछ नहीं जानते। दरअसल जब मंशा ही इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और उसे अपनी राजनीतिक सुविधा के मुताबिक पेश करने की हो तो सच्चाई जानने की जरूरत भी कहां रह जाती है!

नर्मदा घाटी मार्ग पर स्थित इंदौर शहर को 310 साल पहले यानी 1715 में स्थानीय (कम्पेल गांव के) जमींदारों ने व्यापारिक केंद्र के रूप में बसाया था। उस समय इसका नाम इंद्रपुरी हुआ करता था। यह नाम इसे यहां बने प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर की वजह से मिला था। बाद में पेशवा के सेनापति और होलकर रियासत के संस्थापक मल्हारराव होलकर ने इसे अपनी राजधानी बनाया और अपभ्रंश होकर इसका नाम इंदूर हो गया, जो बाद में अंग्रेजों के समय इंदौर हुआ।

यह सही है कि मल्हारराव होलकर की बहू अहिल्याबाई इंद्रेश्वर महादेव को अपना आराध्य मानती थीं लेकिन अपने पति की मृत्यु होने पर शासन की बागडोर संभालने के तुरंत बाद वे अपनी राजधानी को इंदौर से स्थानांतरित कर नर्मदा नदी के किनारे बसे महेश्वर ले गई थीं। अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक शासन किया और तब तक उनकी रियासत की राजधानी महेश्वर ही रहा। उनकी मृत्यु के बाद तुकोजीराव होलकर (प्रथम) ने शासन के सूत्र संभाले और फिर से इंदौर को अपनी राजधानी बनाया। इसलिए इंदौर को च्मां अहिल्या की नगरी' कहना सही नहीं है। वस्तुत: यह मल्हारराव होलकर और तुकोजीराव होलकर का शहर है।

जो लोग इंदौर को 'देवी अहिल्याबाई का शहर' बताते हुए तमाम तरह के राजनीतिक और सामाजिक धतकर्मों में लगे रहते हैं, उनका चाल-चलन भी अहिल्याबाई होलकर के शील, संघर्ष, जनसेवा और न्यायप्रियता से नहीं बल्कि तुकोजीराव होलकर (तृतीय) के विलासी व्यक्तित्व और कृतित्व से ही मेल खाता है। हालांकि तुकोजीराव लफंगे नहीं थे और उनके शासन में भी ऐसी लफंगई या गुंडई नहीं चलती थी, जैसी कि इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में समय-समय पर अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# बदला युद्ध है आपरेशन सिंदूर

मात्र तीन दिन चले युद्ध या सैनिक अभियान ने पारंपरिक अर्थ में निर्णायक जीत हार का फैसला नहीं किया लेकिन इसने भारत और पाकिस्तान के राजनेताओं में जीत और हार के दावे से लेकर दुनिया भर के सैन्य विशेषज्ञों के लिए आगे काम करने का काफी मसाला दे दिया है। अब टीवी की चर्चाओं और हमारे पक्ष-विपक्ष के राजनैतिक अभियानों से किसी को भ्रम हो सकता है कि हम युद्ध का तकनीक और वैज्ञानिक अध्ययन और फिर सुधार का प्रयास नहीं कर रहे हैं लेकिन ऐसा है नहीं। सबको इस सैन्य कार्रवाई में इतना साफ लगा कि लड़ाई का मैदान बदल गया है और अगर भारत ने साफ बढ़त ली या अपने उद्देश्य लगभग हासिल कर लिए तो इसलिए कि उसके पास बेहतर तकनीक वाले ड्रोन थे और उसकी क्रूज मिसाइलों का निशाना सटीक बैठा जबकि पाकिस्तान बदमाशी करते हुए सिर्फ तोप और विमानों के सहारे हमारे नागरिक ठिकानों पर बमबारी करता रहा। इस हमले को भी भारत ने तकनीक के सहारे काफी हद तक विफल किया क्योंकि हमारे एयर डिफेंस में बेहतर तकनीक वाले उपकरण थे। पाकिस्तान के ज्यादातर हमलों को हवा में ही उड़ा दिया गया। हमने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को जैम करके उनके नौ सैनिक हवाई अड्डों को निशाना बनाया और उनकी ताकत खत्म की।



अरविन्द मोहन

**पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है।**

ज्यादातर काम बेहद मामूली खर्च से तैयार होने वाले ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के सहारे हुआ। इसकी वजह उनका सस्ता होना न होकर उपयोगी होना है। वे पेड़ों और पहाड़ियों के बीच इतनी काम ऊंचाई पर उड़ते हुए लक्ष्य तक जाते हैं कि दुश्मन के राडार उनको जान ही नहीं पाते। और लक्ष्य भेदकर अगर वे खत्म हो भी जाते हैं तो सेना के बजट पर कोई फरक नहीं पड़ता। नौसेना के बड़े जहाजों और पनडुब्बियों के खर्च की बात ही छोड़िए एक एक सैन्य विमान और टैंक आज इतनी कीमत में आते हैं कि हजारों ड्रोन एक जहाज की कीमत में तैयार हो जाते हैं। आज अमेरिकी एफ-35 विमान दस करोड़ डालर का है। ड्रोनो को प्रयोग में लाना ही आसान नहीं, है, इनको बनाना भी आसान और किफायती है। सबसे अच्छे माने जाने वाले दरों भी एक हजार डालर तक के खर्च पर तैयार हों जाते हैं। अगर खाड़ी युद्ध ने तीस साल पहले यह संदेश दिया कि युद्ध अब तकनीक से लड़े जाते हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध और आपरेशन सिंदूर के भारत- पाकिस्तान टकराव ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की लड़ाई में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का युग ही आने वाला है। बड़े विमान और मजबूत सैन्य ठिकाने भी इनकी जद में आकर बेकार साबित हो रहे हैं। यूक्रेन पचास लाख ड्रोन हर साल बना रहा है और उसी से रूस का मुकाबला कर रहा है।

अब ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के पास हथियार न हों या उसके पास ड्रोन की तकनीक न हों या उसने एयर डिफेंस सिस्टम पर खर्च नहीं किया है। असली दिक्कत यह हुई कि उसने सस्ते चीनी उपकरण लगाए और महंगे जहाज(अमेरिका से भी) खरीदे थे। एयर डिफेंस प्रणालियों के बारे में जानकार यह कह रहे हैं कि वे हमसे एक जेनरेशन पीछे के हैं और रिवर्स तकनीक से (अर्थात फ़ोटो कापी जैसा तैयार करना) बनाए गए हैं। चीन ने ऐसा क्यों किया या उसने सिर्फ अपने व्यावसायिक हितों की रखवाली के लिए इन्हें, लगाया था यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि पाकिस्तान में दलाली ज्यादा हों। वैसे उसके पास पैसे न होने की बात जगजाहिर है। वे एक ही झटके में फेल हुए और हमारी रक्षा प्रणाली ने उनके लगभग सारे हमलों को फेल कर दिया यह इस युद्ध की सच्चाई है। युद्ध विराम की गुहार इसी के चलते हुई और अमेरिकी दखल की मांग पाकिस्तान सदा से करता रहा है। इसलिए युद्ध विराम को लेकर हमारे नेतृत्व को जितनी सफाई देनी है उससे ज्यादा पाकिस्तान और अमेरिका को देनी चाहिए।

पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है कि कार्रवाई के पहले पाकिस्तान को सूचित करने से उसे आतंकियों को छुपाने का अवसर मिल गया। यह राजनैतिक लड़ाई का मुद्दा हो सकता है लेकिन यह बात तो कोई भी समझ सकता था कि पहलगाम नरसंहार के भारत घुसकर मारेगा ही। मामला सिर्फ समय का था कि ऐक्शन में कितना समय लगेगा। यह आपदा में अवसर बनकर आया था। आतंकी इस हत्याकांड से सरकार को जो संदेश देना चाहते थे वह सरकार ने लिया लेकिन वह जो हिन्दू-मुसलमान और कश्मीरी गैर कश्मीरी का बंटवारा चाहते थे, हमारे मुल्क के लोगों ने उसका करारा जबाब दिया। कई मायनों में यह फौजी जवाब से भी ज्यादा मजबूत और बड़ा था। सिर्फ पक्ष और विपक्ष ही एकजुट नहीं हुए, अगर कभी नरेंद्र मोदी का सरकता कार्टून कांग्रेस ने दिया तो उसे लोगों की प्रतिक्रिया देखकर वापस लेना पड़ा। भाजपा समर्थक यह पोस्ट सोशल मीडिया पर ढंग से चला नहीं कि वापस लेना पड़ा जिसमें कहा गया था कि आतंकियों ने धर्म पूछा था जाति नहीं।

अब आपरेशन सिंदूर की एक नायिका सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के एक मंत्री का बयान उनके साथ ही पार्टी के जान को आफत में डाले हुए है और अदालत काफी लानत मलामत कर रहा है। दूसरी ओर देश भर में रैलियों के जरिए जीत का जश्न मनाना, विदेश में प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत के पोजीशन को स्पष्ट करना और रेल टिकट तक पर विज्ञापन या मुफ़्त का लाइन डालकर आपरेशन सिंदूर को राजनैतिक रूप से भुनाने की तैयारी चल रही है। विपक्ष भी हमलावर है। अगर भाजपा के लोगों को युद्ध के बाद लगातार जीत मिलने का रिकार्ड दिख रहा है तो कांग्रेस को बासठ के युद्ध के बाद नेहरू के प्रताप में गिरावट का प्रसंग याद आ रहा है। ये दोनों बातें सही हैं पर याद रखना होगा कि आपरेशन सिंदूर बासठ का युद्ध नहीं है। क्या पहलगाम का बदला हों गया, क्या आतंकी ठिकाने नष्ट होने से आतंकवाद मिट गया जैसे? सवाल का जवाब देना आसान नहीं है। पर सबसे मुश्किल सवाल है कि युद्धविराम क्यों और कैसे हुआ? द्विपक्षीय संधि होते हुए अमेरिका बीच में क्यों और कैसे आया? लेकिन इस सवालों की राजनीति के बीच सेना के बुनियादी सवाल को बिसारना नहीं होगा कि लड़ाई बदल गई है। इस अनुभव के आधार पर हमें तेजी से बदलाव करना होगा जो बहुत महंगा भले न हों पर मेहनत, शोध और विकास की मांग जरूर करता है।

## आपके पत्र

### सड़क, जो सोच बदल सकती है

सड़क की कमी का असर गांव के बुजुर्गों के दैनिक दिनचर्या में देखने को मिलता है। उनके लिए ये रास्ता एक बड़ा अभिशाप है। गांव की एक 72 वर्षीय बुजुर्ग मीणा देवी बताती हैं कि उन्हें गठिया की बीमारी है, जिससे उन्हें चलने फिरने में दिक्कत आती है। एक बार उन्हें शहर के अस्पताल जाना पड़ा। 8 किमी दूर अस्पताल पहुँचने में ही उन्हें तीन घंटे लग गए। इतनी तकलीफ देखकर उनका मन ही बैठ गया। वो कहती हैं कि 'अब मैं कहीं नहीं जाती, जो होगा यहीं होगा। वर्षा के दिनों में मंडी तक फसल पहुंचाना एक बड़ी चनौती होती है। इससे कृषि कार्य भी प्रभावित होता है।' वह कहते हैं कि -अच्छी सड़क के बिना हमने तो जीवन गुज़ार लिया, लेकिन गांव की नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है।

राजपुरिया जैसे राजस्थान के कुछ गांव आज भी ऐसे हैं जहां पक्की सड़क नहीं पहुंची है। जो रास्ता हमें स्कूल, अस्पताल, बाजार या बस स्टैंड तक ले जाता है, वह दरअसल सिर्फ मिट्टी, धूल और गड्ढों का एक लंबा, थकाऊ सफर है। बारिश में कीचड़ से लथपथ और गर्मियों में तपती हुई रेत से भरा ये रास्ता, हमारे जीवन का सबसे बड़ा अवरोध बन जाता है। सड़क का न होना सिर्फ लड़कियों की पढ़ाई को ही नहीं रोकता है, बल्कि ये उनके पूरे जीवन को सीमित कर देता है। 22 वर्षीय किशोरी सरिता कहती है कि -कॉलेज में लड़कियां जब अपने अपने गांव के विकास और उन्नत सड़क की वजह से शहर तक कनेक्टिविटी के बारे में बताती हैं तो मैं चुप हो जाती हूं क्योंकि मुझे पता है, मेरे सपनों और उन तक पहुंचने के रास्ते के बीच जो दूरी है, वो सिर्फ किलोमीटर की नहीं, टूटी सड़क के कारण आने वाली बाधाओं की भी है। हममें से कई लड़कियां अपने मन की बात कह भी नहीं पातीं। कहीं कोई सुनेगा भी नहीं क्योंकि सड़क नहीं होने का दुख कोई समझता ही नहीं, जब तक वो खुद उस रास्ते पर न चला हो।

लेकिन अब राजपुरिया गांव की किशोरियां सिर्फ शिक्षा नहीं चाहतीं, बल्कि सम्मान भी चाहती हैं और कभी-कभी सम्मान की पहली शर्त होती है सुरक्षित और बेहतर रास्ता। एक ऐसी पक्की सड़क, जो सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि किशोरियों के जीवन में एक स्थायित्व और सुरक्षा का मार्ग बन सके। बातें सिर्फ चार दीवारों तक सीमित न रहें, बल्कि पक्की सड़क जैसी मजबूत और साफ होकर दुनिया तक पहुंचें। दरअसल रास्ते का वीरान होना, अंधेरा होना और 'रात को मत निकलो' जैसे वाक्य ये सब किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से कहीं ज्यादा, महिलाओं को 'घर तक सीमित' रखने वाली सोच का हिस्सा नजर आता है।

अगर पक्की सड़क न होने की वजह से लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं, तो यह सिर्फ शिक्षा का मुद्दा नहीं है बल्कि यह उनकी आजादी, पढ़ने का अधिकार और इज्जत से जीने की बात है। सड़क अगर नहीं है, तो इसमें सिर्फ ईंट और बजरी की कमी नहीं है बल्कि उस सोच की कमी भी है जहां लड़कियों के लिए सुरक्षित रास्ता कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। लेकिन राजपुरिया गांव की लड़कियां अब बोल रही हैं, सवाल कर रही हैं और लिख रही हैं कि उन्हें एक पक्की सड़क के साथ-साथ समाज में एक पक्की सोच भी चाहिए, जो उन्हें एक बराबर का नागरिक माने।

**ममता शर्मा, लूणकरणसर राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### देशबन्धु के साठ साल-7

*'डॉ. जयंत नार्लीकर रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर तीन दिन के लिए रायपुर आ रहे थे। इंग्लैंड से लौटने के बाद उन्होंने विज्ञान के लोकव्यापीकरण को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। मैं उनका तब से प्रशंसक था जब वे 1960 के दशक में कैंब्रिज में फ्रेड हॉयल के साथ खगोलशास्त्र पर शोध कर रहे थे और अन्तरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर चुके थे। उनका रायपुर आना हमारे लिए एक बड़ी खबर थी। हमने नार्लीकरजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पूरे पेज की विशेष सामग्री प्रकाशित की और तीनों दिन उनके व्याख्यानों को प्रमुखता के साथ छापा। इसी समय लगे हाथ उनके अंग्रेजो लेखों को अनुवाद कर छापने की अनुमति भी मांग ली, जो सहर्ष मिल गई।'*

**(देशबन्धु में 22 अगस्त 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/08/

## पावन प्रसंग

### ईश्वरप्रदत्त दो उपहार बुद्धि और भावना

प्रत्येक व्यक्ति के पास विधाता ने दो बहुमूल्य एवं खूबसूरत उपहार दिए हैं- बुद्धि एवं भावना। ये दो ऐसी चीजें हैं, जिनके सही उपयोग के आधार पर एक ओर से व्यक्ति सांसारिक जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त कर सकता है, तो दूसरी ओर आध्यात्मिक जीवन में विशेष प्रगति कर सकता है। लेकिन इनके साथ दो शर्तें हैं- पहली तो बुद्धि एवं भावना; दोनों का परिष्कृत होना और दूसरी शर्त है- इनका सही सुनियोजन होना। सही सुनियोजन से तात्पर्य है कि जहा पर बुद्धि का प्रयोग होना है, वहां भावना का प्रयोग नहीं होना चाहिए और जहां भावना का प्रयोग जरूरी है, वहां बुद्धि का प्रयोग नहीं होना चाहिए तथा जहां पर दोनों की आवश्यकता है, वहां पर बुद्धि के अनुसार भावना का सही प्रयोग होना चाहिए।

भावना एवं बुद्धि का हमारे जीवन में हर पल उपयोग होता है। इनकी सही समझ न हो पाने के कारण व्यक्ति अपने जीवन में अनेक बहुमूल्य अवसर हाथ से गंवा देता है। भावना जीवन का रस है, तो बुद्धि उस रस का सही उपयोग करने की विधा है। भावनाहीन व्यक्ति तो उस पशु के समान होता है, जिसे मानवीय संवेदना की कोई समझ नहीं होती। ऐसे ही व्यक्ति नर-पिशाच बन जाते हैं और अपने सुख के लिए दूसरों को कष्ट देते हैं।

इस दुनिया की एक खास बात यह है कि हर व्यक्ति दूसरे से कुछ लेना चाहता है, अपना फायदा चाहता है और इस फेर में अपनी बुद्धि को लगाए रहता है। दूसरों से कुछ पाने की चाहत में उसका मन हमेशा रिक्त रहता है और वह एक ऐसे भिखारी की तरह होता है, जो हमेशा मांगता रहता है तथा जिसकी मांग कभी पूरी नहीं होती। वह घोर अतृप्त एवं असंतुष्ट होता है और इसी कारण अपने रिश्तों को भी लंबे समय तक मजबूती के साथ निभा नहीं पाता। उसका जीवन कलह क्लेश का पिटारा बन जाता है।

इसका कारण केवल इतना है कि ऐसी परिस्थिति में भावनाओं का किसी तरह का कोई विकास नहीं हो पाता, दूसरों से मांगने के फेर में उसका मन उस बच्चे के समान ही अपरिपक्व रह जाता है, जो हमेशा दूसरों पर निर्भर रहता है। यदि व्यक्ति को इस भूल को सुधारना है तो उसे बिना मांगे व बिना किसी शर्त के दूसरों को वह देने की आदत बनानी होगी, जिसे वह दूसरों से चाहता है। भावनाओं से युक्त प्यार के साथ एक शर्त यह भी है कि वह बांटने पर बढ़ता है, लेकिन बटोरने पर बिखर जाता है और इस बात का अनुसरण न करते हुए प्यार बटोरने में व्यक्ति अपना सब कुछ गंवाता है और अतृप्ति व अशांति से भर जाता है।

मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो व्यक्ति की 90 प्रतिशत जीवन संबंधी समस्याएं साइकोलॉजिकल (मनोवैज्ञानिक) होती हैं; अर्थात मन की समस्याओं से संबंधित। मन की उथल-पुथल, भावनाओं की आंतरिक चुभन, दबाव, घुटन, चिंता, तनाव आदि व्यक्ति को आंतरिक तौर से परेशान करने के साथ-साथ शारीरिक रोगों के रूप में भी उभरते हैं और उसके जीवन में व्यवहार व चिंतन संबंधी विकृतियों को उभार देते हैं। लंबे समय तक इन विकृतियों के बने रहने पर व्यक्ति मनोरोगी हो जाता है। इसके विपरीत सबके प्रति अच्छा भाव रखा जाए, अच्छे कर्म किए जाएं और अपने प्रत्येक कर्म को ईश्वर के प्रति समर्पित किया जाए, क्योंकि उन्हीं की शक्ति व प्रेरणा से व्यक्ति कुछ कर पाता है। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व गुणों की खान बनता चला जाता है और अपनी 1 जीवनयात्रा के चरम पर वह संत, महात्मा या है महापुरुष बन जाता है और अपने जीवन से दूसरों के जीवन को भी महकाता है।

वर्तमान समय में समाज जिन बुराइयों के घेरे में बंधा है, उनमें से एक नशे की प्रवृत्ति है। हमारे समाज की इस बुराई की वजह से युवाशक्ति का बुरी तरह क्षरण होता जा रहा है। नशे की वृत्ति व्यक्ति को अंदर से खोखला करती जाती है और उसे मृत्यु की तरफ ले देता है।

**-युग निर्माण योजना**

# खेल जगत

## कोहली, पांडे, अग्रवाल भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से हैं : रिचर्ड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, और उनके फील्डिंग कोच रिचर्ड हेल्सॉल का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में जीत और हार के बीच का अंतर फील्डिंग है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। आरसीबी कैंप में 'स्टिक' के नाम से मशहूर हेल्सॉल ने कहा कि फील्डिंग खेल का वह क्षेत्र है जिसके बारे में शायद सबसे कम बात की जाती है। लेकिन अब टी20 क्रिकेट में छिपने की बहुत कम जगहें हैं। आप उस डर या घबराहट के पल को कम करने की कोशिश कर रहे हैं जब गेंद आपकी ओर आ रही हो और अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हों। यह क्षमता केवल केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से आती है। जिन बेहतरीन फील्डर्स के साथ उन्होंने काम किया है, उनमें हेल्सॉल ने एंड्र्यू फ्लिंटॉफ और पॉल कोलिंगवुड का नाम लिया है।




# अहमदाबाद 3 जून को फाइनल की मेजबानी करेगा

- दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद 1 जून को क्वालीफायर 2 की मेजबानी भी करेगा, जबकि न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में पहले दो प्लेऑफ गेम- 29 मई को क्वालीफायर 1 और 30 मई को एलिमिनेटर की मेजबानी की उम्मीद है। कहा जाता है कि यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला के बाद लिया गया है।

ये शेड्यूलिंग और स्थल परिवर्तन मुख्य रूप से बरसात के मौसम की शुरुआत और भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बीच टूर्नामेंट के हाल ही में एक सप्ताह के निलंबन के कारण लागू किए गए हैं। लीग को 9 मई को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था और 17 मई को फिर से शुरू किया गया था। मूल रूप से 25 मई को होने वाला फाइनल मैच एक सप्ताह से अधिक समय के लिए 3 जून को टाल दिया गया था। यह संभवत: तीसरी बार होगा जब दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा। इस प्रतिष्ठित मैदान ने पहले 2022 और 2023 में फाइनल की मेजबानी की थी। विशेष रूप से, 2022 में गुजरात टाइटन्स के डेब्यू सीजन के दौरान, अहमदाबाद को कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण केवल दो मैचों तक सीमित रखा गया था - वे दो क्वालीफायर 2 और फाइनल थे। टाइटन्स ने उस वर्ष खिताब जीता और इस स्थल ने 2023 में फाइनल बरकरार रखा। मई के अंत में देश के कई हिस्सों में मानसून के पैटर्न के प्रभाव के साथ, बोर्ड ने निर्बाध नॉकआउट मैचों को सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक रूप से शुष्क जलवायु वाले शहरों को चुना।

अब तक, तीन टीमों ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है: गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स। फाइनल स्थान के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कड़ी टक्कर है।




# दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अंतिम दोनों मैच जीतने जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- मुंबई की कोशिश दिल्ली से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की
- सभी निगाहें मुंबई के सूर्य व रोहित शर्मा के बल्ले से धमाल पर

**नई दिल्ली,** 20 मई (देशबन्धु)। फिलहाल चौथे स्थान पर चल रही हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाला मैच 2025 आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी आखिरी टीम के फैसले के लिए बेहद अहम है। गुजरात टाइटंस,रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के रूप में तीन टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स अपने अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से हारने के बाद बुधवार को आमने सामने होंगी। मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स,दोनों ही अपना अपना आखिरी लीग मैच पंजाब किंग्स से जयपुर में खेलेंगी।अक्षर पटेल की अगुआई वाली केएल राहुल जैसे धुरंधर बल्लेबाज से सज्जित दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बुधवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस और 24 मई को जयपुर में पंजाब किंग्स से बाकी दोनों मैच जीतने जरूरी हैं। वहीं मुंबई इंडियंस को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अपने अंतिम दो में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और 26मई को पंजाब किंग्स से जयपुर में अपने अंतिम लीग मैच में से एक मैच जीतना बेहद जरूरी है। मुंबई इंडियंस की कोशिश अब अपने घर मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की होगी। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन में पहले मैच मे दिल्ली कैपिटल्स को उसके घर में 12 रन से हराया था । मौजूदा सीजन का आखिरी लीग मैच मुंबई इंडियंस व पंजाब किंग्स के बीच 26 मई को जयपुर मे खेला जाएगा।प्ले ऑफ में पहुंचने चौथी व आखिरी टीम की बाबत 21 मई या 26 मई को मालूम पड़ेगा। मुंबई इंडियंस जरा भी ढील बरतने के मूड में नहीं है।




## दिल्ली व मुंबई के बीच प्ले ऑफ का गणित

मुंबई इंडियंस फिलहाल 12 मैचों में सात जीत, पांच हार के साथ 14 अंक ले चौथे और दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छह जीत, पांच हार और एक मैच के बारिश के चलते बेनतीजा रहने से पांचवें स्थान पर है। अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुइस नियम आधार पर तीन विकेट से जबकि दिल्ली कैपिटल्स अपने घर दिल्ली में गुजरात टाइटंस से दस विकेट से हारी है। मुंबई इंडियंस अब बुधवार को अपने घर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भी दिल्ली को हरा देती है तो उसके 13 मैच से 16 अंक हो जाएंगे और वह पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच से पहले ही प्ले ऑफ पहुंच जाएगी। दिल्ली यदि मुंबई से हारी तो वह प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी क्योंकि तब वह पंजाब किंग्स से यदि आखिरी लीग मैच जीतती है तो भी उसके अधिकतम 15 अंक ही होगी। मुंबई इंडियंस की टीम यदि दिल्ली से रिटर्न मैच में हारती है तो उसके 14 अंक रह जाएंगे और दिल्ली के 15 अंक हो जाएंगे और तब प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी व आखिरी टीम का फैसला इन दोनों टीमों के पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी लीग मैचों पर जा टिकेगा। दिल्ली यदि मुंबई इंडियंस से अपना बुधवार का मैच जीत अपने अंकों की संख्या कर लेती है लेकिन अंतिम लीग मैच में पंजाब किंग्स से हार जाती है तो मुंबई इंडियंस तब पंजाब किंग्स से अंतिम लीग मैच जीत 14 मैचों से 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में पहुंच जाएगी।

# खिलाड़ियों की फिटनेस समस्या ने पहुंचाया नुकसान : पंत

**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। चोटों ने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को संघर्ष करने पर मजबूर किया। यही था कप्तान ऋषभ पंत का आकलन, जब सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हारकर उनकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से आधिकारिक रूप से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने ओपनर्स मिचेल मार्श और एडन मारक्रम की अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से 205 रन बनाए। लेकिन कप्तान पंत के मुताबिक यह स्कोर कि कम से कम 10 रन कम' था, जिसे अभिषेक शर्मा की 20 गेंदों में 59 रनों की तूफानी पारी ने 10 गेंद शेष रहते धराशायी कर दिया। पंत ने कहा कि यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं। हमने तय किया था कि हम उन पर बात नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें भर पाना मुश्किल हो गया। पंत का इशारा उन प्रमुख खिलाड़ियों की लगातार गैरहाज़िरी की ओर था जो टीम के कोर का हिस्सा



थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरा सीजन नहीं खेल पाए, वहीं तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें एलएसजी ने रिटेन किया था, ज्यादातर वक्त बाहर रहे। मयंक ने बीच में वापसी की लेकिन पूरी तरह फिट न होने के कारण फिर से पीठ की चोट से जूझते हुए बाहर हो गए। अन्य महंगे खिलाड़ी आवेश खान और आकाश दीप भी फिटनेस समस्याओं से जूझे और सीजन के मध्य में ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन सके। पंत ने कहा कि हमने जिस तरह से नीलामी की योजना बनाई थी, अगर वही बॉलिंग अटैक हमारे पास होता तो कहानी कुछ और होती। लेकिन यही क्रिकेट है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। जिस तरह से टीम ने प्रयास किया उस पर हमें गर्व होना चाहिए। हमें नकारात्मक बातों से ज्यादा सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए। जब पंत से पूछा गया कि इस सीजन में टीम को क्या सकारात्मक संकेत मिले, तो उन्होंने कहा कि बैटिंग में हमारे पास काफी ताकत है, यह सबसे बड़ा पॉजिटिव है। गेंदबाजों ने भी अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। हालांकि थोड़ी बहुत असंगतता थी। हमने हर स्थिति में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। उन्होंने आगे कहा कि हमने सीजन की शुरुआत में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, कई खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और हम कमजोरियों को छुपाने की कोशिश करते रहे। लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, प्रतिस्पर्धी टीमों के मुकाबले हमारे लिए गति बनाए रखना और कठिन होता गया।

> यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं : ऋषभ पंत

## पंत शुरुआत से ही खराब खेले : वरुण आरोन

**लखनऊ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से छह विकेट से हारने के बाद कप्तान ऋषभ पंत के संघर्षपूर्ण सीजन पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज शुरुआत से ही अनिश्चित दिखे और पूरे सीजन में अपनी लय हासिल नहीं कर पाए। पंत, जिन्हें मेगा नीलामी में एलएसजी ने 27 करोड़ रुपये में साइन किया था, इस सीजन में 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष करते रहे। सोमवार रात को एसआरएच के खिलाफ खेले गए मैच में, वह छह गेंदों में मात्र सात रन बनाकर आउट हो गए। आरोन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि एलएसजी उन पर निर्भर थी, खास तौर पर मध्यक्रम में। मार्श को छोड़कर किसी ने रन नहीं बनाए। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह खिलाड़ी के फॉर्म से बाहर होने का संकेत है। बेहतरीन फॉर्म में पंत उस शॉट को स्टैंड में मार देते। आज उन्होंने सीधे गेंदबाज को गेंद दी। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और जल्द ही बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंत को फॉर्म में आने के लिए अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने और उसे समायोजित करने की जरूरत है। उन्हें बस अपने दृष्टिकोण को थोड़ा समायोजित करने की जरूरत है। इस साल उन्होंने स्क्वायर के पीछे रन नहीं बनाए हैं - गेंदबाज उन्हें ऐसे शॉट खेलने नहीं दे रहे हैं। अरुण जेटली (स्टेडियम) में, 45 डिग्री के कोण ने उनके लिए काम किया। बड़े मैदानों पर, उन्होंने ऐसा नहीं किया।




## पंत आखिरी दो मैचों में वापसी करेंगे : मार्श

**लखनऊ।** सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मिशेल मार्श ने कप्तान ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि वे सीजन के आखिरी दो मैचों में दमदार प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि अब तक उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिसके कारण वे लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर हो गए हैं। पंत अब तक 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर अपने सबसे खराब आईपीएल सीजन का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में केवल एक अर्धशतक बनाया है और 100 के स्ट्राइक रेट से उनका टूर्नामेंट में अब तक का सबसे कम स्ट्राइक रेट रहा है। पंत ने एकमात्र सीजन जिसमें उन्होंने 200 से कम रन बनाए, वह 2016 में आया था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) के लिए आईपीएल में पदार्पण किया था। उनके फॉर्म ने एलएसजी के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी प्रभावित किया। लीग चरण में दो मैच बचे हैं, मार्श को लगता है कि पंत बाकी बचे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी है, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है, इसलिए वह वापस आएगा, लेकिन हां, उम्मीद है कि आखिरी दो मैच। मार्श ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि आत्ममंथन का समय शायद सीजन के बाद होगा और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से सिर्फ हमारी टीम और हमारी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करना है। जैसा कि मैंने कहा, आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और जीत का अंतर बहुत कम है।



## सार संक्षेप

### बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुम्बई ने किया अनुबंधित

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी। जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे।

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5.30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9.30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

## सौरभ और नदीम चुने गए जेएससीए के सचिव और संयुक्त सचिव

**रांची,** 20 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) का सचिव और संयुक्त सचिव चुना गया है। तिवारी और नदीम दोनों ने 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 35 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज तिवारी ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए भारत के लिए तीन वनडे खेले। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर नदीम ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू के बाद भारत के लिए दो टेस्ट खेले। तिवारी ने फरवरी 2024 में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 17 साल तक झारखंड का प्रतिनिधित्व किया और सभी प्रारूपों में 88 बार टीम की कप्तानी की। इसके अलावा वे चार आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए भी खेले। नदीम ने भी मार्च 2024 में क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने 2004-05 में मात्र 15 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। जेएससीए की नई कार्यकारिणी के चुनाव में तिवारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी एसबी सिंह को 438-194 के बड़े अंतर से हराया। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए नदीम ने भी 409-199 के स्कोर से राजकुमार शर्मा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की।



## दिग्वेश पर जुर्माना तो अभिषेक पर एक मैच का बैन

**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आपस में भिड़ गए। सोमवार को लखनऊ और हैदराबाद के बीच मैच खेला गया था, जहां दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई। दोनों खिलाड़ियों के इस बर्ताव को देखते हुए दंडित किया गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश राठी पर सोमवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही खिलाड़ी पर एक मैच का बैन भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, चूंकि इस सत्र में उनके खाते में पांच डिमेरिट अंक हैं - जिसके कारण उन पर एक मैच का निलंबन लगाया गया है - इसलिए दिग्वेश अब एलएसजी के अगले मैच में नहीं खेलेंगे जो कि 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होना है। दूसरी ओर, आईपीएल के एक बयान में आगे कहा गया, सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। खिलाड़ी को एक डिमेरिट अंक भी मिला है। मैच के दौरान यह घटना 8वें ओवर के दौरान हुई जब दिग्वेश ने डीप में अभिषेक को कैच आउट किया और अपने अंदाज में विकेट का जश्न मनाया।




- लखनऊ और हैदराबाद के बीच मैच खेला गया था, जहां दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए।

## हम केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत : मांडविया

**दीव,** 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा कि आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। मेरा मानना है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत, हम सिर्फ़ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते हम एक मिशन पर हैं। और यह मिशन खेलों को रोजगार से जोड़ता है। विकसित भारत के लिए, खेलो इंडिया युवाओं के लिए अपने सपनों को हासिल करने का एक पक्का रास्ता है। उन्होंने कहा कि नए खेल, घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को यह मजबूत संदेश देने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।

## रोहित, विराट टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए: योगराज

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, को देश के लाल गेंद वाले क्रिकेट को बचाने के लिए अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी, जहां भारत को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।



67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि कोहली के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी और साल हैं।योगराज ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए। यह समय अपने बारे में सोचने का नहीं है - यह समय देश, प्रशंसकों और खेल के प्रति लोगों की गहरी भावनाओं के बारे में है। विराट में अभी कम से कम दस साल का क्रिकेट बाकी है। जहां तक रोहित का सवाल है, अगर वह मेरे पास आते हैं, तो मैं सुनिश्चित करूंगा कि वह फिर से पूरी तरह फिट हो जाएं। इस अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को खिलाड़ियों को उनके कठिन समय में सहयोग करना चाहिए ताकि खिलाड़ी बढ़ते दबाव के आगे न झुकें। वर्ष 2011 में युवराज सिंह, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ियों को बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया था। जब युवराज ने संन्यास लिया, तो मैंने उसे डांटा - मैंने उसे दबाव में न आने के लिए कहा। वह अविश्वसनीय रूप से फिट था और अभी भी है।


### 20 जून से शुरू होने वाली है पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

> रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी : योगराज

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 13 | 3 | 10 | 6 | -0.701 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 4 | -0.922 |

## सार समाचार

### समाजसेवी कुशवाह का निधन



**आष्टा, देशबन्धु।** समाज सेवी प्रभुलाल कुशवाह का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी शव यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई श्मशान स्थल पहुंची। जहां पर उनके भाई भेरूलाल, बाबूलाल, रामचरण एवं पुत्र गण दिनेश , मनीष ने मुखाग्नि दी । स्व प्रभुलाल जिला कुशवाह समाज के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह के मामा तथा कुशवाह समाज अध्यक्ष रवि कुशवाह के ताऊ थे। शव यात्रा में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति , पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, पूर्व पार्षद अनिल धनगर, गौशाला के कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, नरेंद्र पोरवाल, सुनील कचनेरिया एडवोकेट, अनिल सोनी गबू, भैया माथुर , श्मशान स्थल पर सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनिट का मौन रख कर सभी ने पंच आहूति से स्व प्रभुलाल को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की, श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह ने किया।

### बीएससी कृषि में 23 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में बीएससी कृषि संकाय की 120 सीटों पर प्रवेश के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र अब 23 मई तक लिए जाएंगे। पहले इनकी अंतिम तिथि 19 मई रखी गई थी जिसे बढ़ाकर 23 तक कर दिया गया है। आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिसमें प्रस्तावित सीट संख्या 120 हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 8 जून रविवार को कराई जाएगी। बताया गया है प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, शुल्क और आवेदन–पत्र से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ली जा सकती है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

# दिनदहाड़े महिला से पिस्टल अड़ाकर छीनीं सोने की चेन





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 13 स्थित जालोरी वाली लगी में एक महिला के साथ अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। जब तक आसपास के लोगों को जानकारी मिलती तब तक आरोपित मौके से फरार हो गए। शहर थाना निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि जालोरी भवन में 77 वर्षीय कमलाबाई जालोरी के साथ धोखाधड़ी कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

एक युवक ने खुद को मनीष का परिचित बताकर और रघुवंशी परिवार का निमंत्रण देने का बहाना बनाकर घर में प्रवेश किया। युवक ने मुंह पर तौलिया लपेटा हुआ था। कमलाबाई के दरवाजा खोलने पर उसने पीने का पानी मांगा। जब कमलाबाई पानी लेने किचन में गईं, तो युवक कमरे में घुस आया। उसने पिस्टल दिखाकर धमकाया और कमलाबाई के गले से डेढ़ तोला सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। घटना के वक्त कमलाबाई घर में अकेली थीं। उनकी बहू मायके गई हुई थीं और बेटा मनीष कुछ देर पहले ही त्योंदा रोड स्थित अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान के लिए निकला था।

आरोपी ने नीली बड़ी चौकड़ी वाली शर्ट पहन रखी थी। जालोरी भवन स्टेशन मुख्य मार्ग से मात्र दस कदम की दूरी पर है। लूट की सूचना मिलते ही कमलाबाई ने अपने बेटे मनीष को बताया, जिन्होंने तुरंत सिटी थाने में खबर की। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परमार मौके पर पहुंचे।

देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह और पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेई ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परमार ने बताया कि लूट की घटना में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जल्द ही आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।

## बारिश पूर्व नालों की सफाई करा रही नपा



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर पालिका द्वारा बारिश को दृष्टिगत रखते हुए नगर के सभी नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसके अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 21 मनसापूरन मंदिर के पास स्थित नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली एवं लेवर के माध्यम से कराया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू द्वारा बताया गया कि शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य माह जून से पूर्व करा दिया जाएगा। नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना द्वारा मौके पर रहकर नाले की सफाई का कार्य कराया गया।

## भारतीय सेना के सम्मान में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा



**सिरोंज, देशबन्धु।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए पराक्रम के सम्मान में बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह तिरंगा यात्रा शाम चार बजे कटरा मोहल्ले में स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई पुराने बस स्टैंड पर अंबेडकर चौक पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा में पैदल नागरिकों के साथ दो पहिया एवं चार पहिया वाहन भी शामिल होंगे।

इस तिरंगा यात्रा में सभी समाजों के नागरिक, युवा, विद्यार्थी, महिलाओं सहित सभी राजनैतिक दलों, सामाजिक एवं व्यापार संगठनों से तिरंगा झंडा लेकर शामिल होने की अपील की गई है। यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं की बैठक कर सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को यात्रा में सहभागिता करने के आव्हान के साथ तैयारियों पर चर्चा की।

अन्य राजनैतिक दलों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा भी इस आयोजन में सहभागिता को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि यह यात्रा केवल भारतीय सेना के वीर सैनिकों के प्रति अपना सम्मान देने की भावना से आयोजित हो रही है।

राजनैतिक भावना से ऊपर उठकर जिसमें हम सब भी एक नेता की नहीं बल्कि आम नागरिक की भांति शामिल होंगे। उन्होंने शहर के नागरिकों से इस यात्रा में पैदल शामिल होने एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरदराज से आने वाले तथा पैदल चलने में असहाय नागरिक अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए उन्होंने जिम्मेदारियां भी पदाधिकारियों को सौंपी है।

## साइबर सुरक्षा एवं महिला अपराध को लेकर देहात थाने में लगाया जन चेतना शिविर



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** साइबर सुरक्षा महिला अपराध के संबंध में जन चेतना शिविर का आयोजन देहात थाने में किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह एवं थाने का अन्य स्टाफ द्वारा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान में लक्ष्मी बाई पार्क में अ जनसाधारण जनप्रतिनिधि पार्क में घूमने आए नागरिकों को साइबर सुरक्षा के संबंध यातायात एवं महिला संबंधी अपराधों एवं आमजनों को साइबर सुरक्षा संबंधी बिंदु बार वर्तमान में किस तरीके के फ्रॉड चल रहे हैं, उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

जिसमें सभी का सहयोग रहे एवं अधिक से अधिक लोगों तक एवं परिवार के सदस्यों एवं सामाजिक तौर पर प्रत्येक व्यक्ति तक जागरूकता अभियान की जानकारी पहुंच सके।

जिससे लोगों के साथ साइबर अपराध घटित ना हो सके साइबर फ्रॉड के बचाव एवं साइबर फ्रॉड हो जाने पर किस प्रकार पोर्टल एवं 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षद एवं नागरिक दुकानदार भी शामिल रहे जिन्होंने अपने सवाल भी पूछे जिनके जवाब दिए गए। इस दौरान थाने से सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सुरेश यादव, आरक्षक भूपेंद्र प्रकाश अमलियार, सुरजीत, शुभम गौतम, प्रयागराज, फूल सिंह द्वारा लोगों में जागरूकता लाई गई।

### चुनाव के दौरान मौत, आश्रित को दी 15 लाख की सहायता राशि

**सिरोंज, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 7 मई को सिरोंज जनपद पंचायत के सहायक लेखा अधिकारी पवन श्रीवास्तव की निर्वाचन कर्तव्य सहायक व्यय प्रेक्षक दायित्वों के निर्वाहन दौरान हृदय गति रूक जाने से मृत्यु हो जाने के कारण मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अनुग्रह सहायता राशि 15 लाख रुपए के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता के आदेश परिपालन में संपादित की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन आहरण सवितरण अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि स्वर्गीय पवन श्रीवास्तव की पत्नी दीपा श्रीवास्तव के बैंक खाते में अनुग्रह सहायता राशि 15 लाख रुपए जमा कराने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली भारत भक्ति यात्रा





**भेरुंदा, देशबन्धु।** नगर में ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत वर्ष मे भारत भक्ति यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में सकल मातृशक्ति बुधनी भैरुंदा द्वारा भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन ऑपरेशन सिन्दूर के सफलता व उत्साहवर्धन के लिए भारत भक्ति यात्रा नगर में निकाली गयी। कार्यक्रम भारत माता के चित्र पर दीप प्रजावलन कर शुभारम्भ किया। भारत भक्ति यात्रा के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीता प्रजापति द्वारा बताया गया कि इस देश मे मातृशक्ति कभी भी पीछे नहीं हटी है। जब–जब संकट आया है तब भारत की नारी कभी दुर्गा कभी काली बनकर प्रकट हुई है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बृजमोहन गोडु ने कहा की पाकिस्तान आज से नहीं बल्कि आजादी के बाद से हीं लगातार आतंकबाद को सरक्षण दे रहा है और भारत ने हर बार इसका मुँह तोड़ जवाब दिया है। सीमा सुरक्षा बल की आरक्षक संध्या पंवार ने कहा की हम यहाँ ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य मे एकत्रित हुए है पाकिस्तान द्वारा अपनी नापाक हरकतो के कारण आज किसी ने अपना बेटा भाई पिता छिना बल्कि किसी के मांग का सिन्दूर भी छीन लिया तब साहस शौर्य पराक्रम दिखाते हुए हमारी सेना ने उसको उसी की भाषा मे जवाब देते हुए बता दिया की एक चुटकी सिंदूर की क़ीमत तुम क्या जानो आतंकीवादियों। कार्यक्रम मे भारत माता की आरती के पश्चात् भारत भक्ति यात्रा परशुराम संस्कार केंद्र( ब्राहमण धर्मशाला) से प्रारम्भ होकर मातृशक्ति व राष्ट्रभक्त भी शामिल हुए सभी अपने अपने हाथो मे तिरंगा झंडा व ऑपरेशन सिन्दूर तख्तीयां लिए हुय नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए गाँधी चौक पर राष्ट्रीय गान के साथ सम्पन्न हुआ।

सेना ने जो शौर्य,पराक्रम और अदम्य साहस दिखाया है। इनकी सम्पूर्ण जानकारी समाज को दी। मातृशक्तियों के सिन्दूर रक्षा करने वाले भारतीय सैनिको को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए। देश के लिए अपना पूर्ण समर्थन देते हुए व उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खडे होने का संकल्प लिया। भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरुद्ध की गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए भैरुंदा में भारत भक्ति यात्रा का आयोजन किया गया। भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है।ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने साहस और शौर्य के प्रमाण दिए हैं। हमने एकजुट होकर विश्व को यह संदेश दिया कि दुश्मन कितना ही चालाक क्यों न हो,हम अपनी एकता को अक्षुण्य रखेंगे।

राष्ट्रीय एकता सर्वोपरि है इसे यदि शत्रु ने हानि पहुंचाने की कोशिश की तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### 4 दिनों में 2 भाईयों की मौत, माता-पिता बेहाल

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के हीरापुर मार्ग पर केरो गांव के पास सोमवार की दोपहर 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने मढ़वेरा गांव के एक परिवार को गहरे सदमे में डुबो दिया। दरअसल छोटे भाई की आत्महत्या के बाद उसकी अस्थियां विसर्जित करने जा रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र अहिरवार के छोटे भाई प्रवेंद्र अहिरवार ने गत शुक्रवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हादसे के बाद सुरेन्द्र भाई की अस्थि विसर्जन करने के लिए गया था। वापसी के दौरान सुरेन्द्र की बाइक की बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया जश्न, निकाली तिरंगा यात्रा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मंगलवार की शाम मातृशक्ति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। नवीन बस स्टैंड परिसर से तिरंगा यात्रा शुरू हुई। यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए नेहरू चौक पहुंची। नेहरू चौक पर भारत माता की आरती की गई। महिलाएं मुख्य मार्गों पर भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल महिला अधिकारियों की शक्ति और क्षमता की सराहना की गई। साथ ही पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सभी ने निंदा की। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि महिला सेना अधिकारियों ने अपना जज्बा दिखाया। देश की बेटियों ने देश की सुरक्षा का जिम्मा लेते हुए ऑपरेशन को सफल बनाया। कार्यक्रम में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान भी मौजूद थे। उन्होंने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि देश हित के लिए भारतीय सेना के जवान हमेशा तैयार रहते हैं। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना संजय जैन, मधुलिका अग्रवाल समेत सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की सराहनीय पहल : छविदास



**आष्टा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत आज अतिरिक्त कक्षा का संचालन में प्रसिद्ध स्थान पापनाश नदी के किनारे स्थित सतनगरी आश्रम ग्राम पंचायत दोनिया सेक्टर भवरा में किया गया।

जिसमें जिसके अंतर्गत छात्रों को फील्ड विजिट भी गई। जिसके अंतर्गत छात्रों ने नदी से गाद निकाल कर तटों पर से कचरा साफ किया स्वच्छता अभियान चलाया एवं गोशाला का भ्रमण किया आश्रम प्रमुख संत छविरामदास ने मार्गदर्शन के माध्यम से जल का संवर्धन कैसे किया जाए और जल देवता हमारे समस्त आवश्यकताओं में प्राथमिकता के आधार पर किस प्रकार से हमारे जीवन में अपना योगदान देते है। प्रकाश डाला वहीं पर संत ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जल हमारे देवता स्वरूप है। इसका सम्मान करना चाहिए और उनके संवर्धन पर हम सबको शासन के साथ मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने भी उपस्थित सदस्यों को जल गंगा संवर्धन अभियान के विस्तृत जानकारी दी एवं जन अभियान के समस्त कार्यक्रमों से अवगत कराया। वहीं पर अपने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए इसमें सभी की सक्रिय भागीदारी हो स्थिति को गंभीरता हो। इस अवसर के छात्र ग्रामीणजनों के साथ राकेश शर्मा मुकेश राठौर, हरेंद्र सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल दरिया, आकाश नामदेव प्रस्फुटन, समिति प्रतिनिधि नवांकुर संस्था प्रभारी महेश चंदेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

### नाले पर लोगों ने कर रखा है अतिक्रमण

# सड़क किनारे गड्ढों में भरा पानी, राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार

**दुर्घटना का बना रहता है खतरा**



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाला रोड बुधवारा जहां से बड़ा बाजार भी जाते हैं उक्त मार्ग के जोड़ पर मकान निर्माण हेतु कुछ दिन पहले खोदे गए गड्ढे खुले पड़े हुए हैं। जिसमें बारिश का पानी भरा चुका है। गड्ढे काफी गहरा होने के कारण उक्त मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि नगर का सबसे बड़ा मार्केट बुधवारा एवं बड़ा बाजार है।

जहां से रोज सैकड़ों की तादाद में लोगों का आना जाना लगा रहता है। हो रहे निर्माण कार्य जो अभी बंद पड़ा है। वहीं सुरक्षा के लिए न काई बेरीकेड लगाए और न काई अन्य व्यवस्था की गई। उक्त मार्ग से निकलने वाले राहगीर हमेशा खतरा महसूस करते हैं। बुधवारे रोड का पानी नदीं में जाने के लिए जुम्मापुरा के बंद नाले से हमेशा निकलता आ रहा है। उक्त नाले पर लोगों ने पक्का अतिक्रमण कर रखा हैं। एवं कई महीनों से साफ सफाई नहीं होने के कारण हर वर्ष बुधवारे में बारिश का पानी लोगों के मकान एवं दुकानों में भर जाता है। लेकिन इस बार सीएमओ राजेश सक्सेना की पहल पर अब पानी नहीं भराएगा।

क्योंकि उक्त नाले का अतिक्रमण नगर पालिका द्वारा हटाया जा रहा है। नाले पर किया गया पक्के अतिक्रमण को भी तोड़ा जा रहा है। नाले के अंदर से भी कचरा पक्का मटेरियल को भी निकाला जा रहा है। अगर उक्त नाले का सम्पूर्ण अतिक्रमण हटाकर पूरी तरह सफाई हो जाती है तो बारिश के दिनों में लोगों की दुकान एवं मकानों में पानी नहीं भरेगा।

नगर पालिका द्वारा सेमनरी रोड के नाले सफाई के बाद बुधवारा से जुम्मापुरा होता हुआ नदीं में गया। नाले की भी सफाई चल रही है। उक्त नाले पर लोगों ने पक्का अतिक्रमण कर रखा था। साथ में पूरा नाला जाम होने के कारण शुरूआत बारिश में बुधवारा रोड में पानी भरने लगा था।

उक्त समस्या को गंभीरता से देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सीएमओ राजेश सक्सेना ने गंभीरता से लेते हुए उक्त नाले का अतिक्रमण हटाने के बाद लगातार सफाई की जा रही है। जो आधे से अधिक हो चुकी है। जल्द ही सम्पूर्ण नाले का अतिक्रमण हटाकर सफाई की जा रही है। जिससे की बारिश के समय में पानी भरने की समस्या नहीं होगी। इस प्रकार की समस्या अन्य वार्डों मे भी है। वहां भी सफाई की आवश्यकता है।

### इनका कहना है

– बारिश से पहले लगातार सफाई नाले, नाली, रोड,प्लॉट आदि स्थानों की कराई जा रही है। ताकि नगर सुन्दर दिखे और बारिश के समय में परेशानी न हो।

*राजेश सक्सेना,*
*मुख्य नगर पालिका अधिकारी*

## ताप्ती नियरे

### सार-समाचार

### कलेक्टर ने खेत में सामने रहकर कराया सीमांकन



**चिचोली, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आदिवासी महिला की सीमांकन की व्यथा सुनाने के बाद जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी चिचोली ब्लॉक के ग्राम हर्रावाडी रत्नी पति रामलाल के खेत पहुंचे और सामने रहकर तत्वरित खेत सीमांकन करवाया और महिला के खेत सीमांकन की समस्या का समाधान किया। इस दौरान चिचोली तहसीलदार डाँली रैकवार, राजस्व अमला मौजूद रहा। कलेक्टर ने तहसीलदार को राजस्व प्रकरण के सीमांकन बंटवारे नामांतरण एवं लंम्बीत प्रकरणो को तत्वरित करने के निर्देश दिए।

### पाठई में हुआ जल संगोष्ठी कार्यक्रम



**चिचोली / शाहपुर, देशबन्धु।** विकासखंड शाहपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परा स्नातक की कक्षाओं के विद्यार्थि, मेंटर्स और नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से द्वारा आज ग्राम पाठई में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पाठई की आमनदी झिरिया पर साफ सफाई का आयोजन कर, अर्जुन के वृक्ष के बीज का संग्रहण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पाठई के सरपंच महोदय श्री कमल उइके, पंच राजेश जी, सभी परामर्शदाता, नवांकुर/ प्रस्फुटन समिति से गोलू उपराले, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरेठा से रंजेश कोड़ोपे , और जय गुरुदेव संस्था शाहपुर के प्रतिनिधि मानस शुक्ला, छात्र भारत,अजय, आशा एवं ग्राम के गणमान्य ने सक्रिय रूप से सहयोग देकर अभियान को सफल बनाया।

### कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण आज से

**बैतूल, देशबन्धु।** श्री हनुमान माता मंदिर पुलिस लाइन, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में बुधवार से 21 हजार रुद्री निर्माण एवं भव्य रुद्राभिषेक एवं श्री शिवमहापुराण प्रवचन सप्ताह की शुरूआत होगी। इस धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली जायेगी, जो आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचेगी। कथा स्थल पर प्रतिदिन सुबह रुद्री निर्माण प्रातः 8 बजे से एवं रुद्राभिषेक प्रातः 10 बजे वाराणसी से पधारे विद्वानों द्वारा संपन्न होगा। पंडित रोहित दुबे नर्मदापुर एवं पूज्य स्वामी चंद्रशेखरानंद महाराज (श्रीविद्या आश्रम शिवपुर) 22 मई से 24 मई तक 4 बजे से 7 बजे तक एवं पूज्य ब्रह्मचारी जितेन्द्रियानन्द महाराज (अंडिया घाट रायसेन) के मुखारबिंद से 25 मई से 27 मई तक 4 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन किया जायेगा। संयोजक पंडित अनुराग मिश्रा ने शहर के सभी श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का आग्रह किया है।

### फुले फिल्म का अंतिम निः शुल्क शो 22 को

**बैतूल, देशबन्धु।** सामाजिक परिवर्तन और जागरूकता पर आधारित फुले फिल्म का अंतिम निशुल्क शो गुरुवार, 22 मई को बैतूल के कांतिशिवा टॉकीज में दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का सौजन्य बुद्ध भूमि बैतूल एवं प्रज्ञा बुद्ध विहार भारत भारती जामठी द्वारा किया जा रहा है। इस विशेष शो में दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा, लेकिन इसके लिए पास अनिवार्य है। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को टॉकीज में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह शो विशेष रूप से उन दर्शकों के लिए रखा गया है, जो अब तक यह फिल्म नहीं देख पाए हैं। जिन्होंने पहले से यह फिल्म देख ली है, उन्हें पास नहीं दिए जाएंगे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 को

**बैतूल, देशबन्धु।** आदिम कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी तथा घोड़ाडोंगरी के समाजसेवियों के सहयोग से एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल भोपाल द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मई को घोड़ाडोंगरी के बालाजी लॉन रेलवे स्टेशन के पास सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। डॉ. मनोज वरवरे ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, किडनी रोग, लीवर रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, हार्निया, हाइड्रोसील, पाईल्स, पथरी, बच्चेदानी के आपरेशन और मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थाइराइड, एलर्जी, माइग्रेन, सर्दी-जुकाम का इलाज किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में आने वाले भर्ती मरीजों की, खून पेशाब की महत्पूर्ण जांचें एवं आंखों की जांच जिसमें कांच बिन्दु, मोतियाबिंद, नाखुना आदि की जांचें निःशुल्क की जाएगी। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड के हितग्राहियों का निशुल्क उपचार होगा। वहीं मरीज को अपने साथ आधार कार्ड और समग्र आईडी लाना अनिवार्य है।

# आम आदमी पार्टी ने शाह और देवड़ा के पोस्टर जलाए

## कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**बैतूल, देशबन्धु।** सेना पर विवादित बयान के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने सरकार के वन मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के पोस्टर जलाकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार वाईकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें दोनों मंत्रियों को तुरंत बर्खास्त कर जेल भेजने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वन मंत्री विजय शाह ने अपने बयान में भारतीय सेना की बहादुर महिला कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर अपमानित किया है।



इस अपमानजनक टिप्पणी को लेकर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है और मंत्री शाह पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया गया है, जिनमें धारा 152, 196(1)बी और 197 शामिल हैं। ये सभी संगीन और गैरजमानती धाराएं हैं, जिनसे समाज में वैमनस्य फैलने का खतरा है और देश की एकता व अखंडता को चोट पहुचती है। पार्टी का कहना है कि पूरे देश ने इस बयान की कड़ी निंदा की है, लेकिन मुख्यमंत्री ने अब तक मंत्री विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया है। वहीं दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा भी भारतीय सेना और जवानों के लिए यह कहना कि उन्हें प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक होना चाहिए, बेहद अपमानजनक और देशद्रोह की श्रेणी में आने वाला बयान है। पार्टी का कहना है कि ऐसे बयान देशभक्ति की भावना को ठेस पहुचाने वाले हैं और इन मंत्रियों का पद पर बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इन दोनों मंत्रियों को तुरंत बर्खास्त कर जेल नहीं भेजा गया तो आम आदमी पार्टी को बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी, जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार वाईकर, जिला छात्र विंग अध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव (लेबर विंग) विनोद जगताप, जिला उपाध्यक्ष शंकर पेंदाम, जिला सचिव अश्विन चंदेल, जिला एसटी विंग अध्यक्ष शिवकुमार तुमडाम, ब्लॉक अध्यक्ष सारणी रमेश भुमरकर, ब्लॉक अध्यक्ष भैंसदेही पवन मनवर, जिला प्रवक्ता यूथ विंग संदीप खातरकर, जिला उपाध्यक्ष शिक्षा विंग संजय कुमार परपाचे, राहुल सोनी, शमीम अहमद फारुकी और शिबू विश्वकर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे।

## ग्राम रोंढा में हुई जागरूकता संगोष्ठी, ग्रामीणों ने लिया जल बचाने का संकल्प

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जल गंगा संवर्धन महा अभियान के अंतर्गत बैतूल ब्लॉक के ग्राम रोंढा में जल संरचनाओं के संरक्षण, स्वच्छता और उनके महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन गांव के तालाब के पास स्थित पानी की टंकी के समीप सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद बैतूल के परामर्शदाता सुनील पवार, भूपेंद्र पवार, आशीष कोकने, ग्राम पंचायत उपसरपंच प्रदीप डिगरसे, योगेश चंद्र देशमुख तथा अशोक बारंगे की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की शुरुआत जल संगोष्ठी से हुई, जिसमें परामर्शदाता भूपेंद्र पवार ने ग्रामीणों को निर्जीव पड़े जल स्रोतों के पुनर्भरण, स्वच्छता और उन्हें पुनः उपयोग के लायक बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमीनी जल स्तर को बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे भविष्य में गांव को जल संकट का सामना न करना पड़े। उनके विचारों को ग्रामीणों ने बड़े ध्यान और उत्साह से सुना और उन पर अमल करने का वचन भी लिया। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक अशोक बारंगे और उपसरपंच प्रदीप डिगरसे ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामवासियों से सप्ताह में एक दिन ग्राम के हित में सेवा देने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयं इस पहल की शुरुआत करने की बात कही ताकि रोंढा गांव जल संकट से सदैव मुक्त रहे।

जनअभियान परिषद के परामर्शदाता आशीष कोकने ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के दीर्घकालीन फायदों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब जिले के कई गांव और कस्बे पानी की किल्लत से जूझ रहे होंगे, तब रोंढा गांव के लोग अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट से बचे रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के ये छोटे प्रयास आने वाले समय के लिए एक मजबूत आधार बनेंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद बैतूल के समस्त परामर्शदाताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयासों में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अभियान में जनअभियान परिषद बैतूल के परामर्शदाता सुनील पवार, भूपेंद्र पवार, आशीष कोकने के साथ ग्राम पंचायत उपसरपंच प्रदीप डिगरसे, हुकुमचंद कालभोर, योगेश चंद्र देशमुख, गणेश कोड़ले, तरुण पाठा, दशरथ कोड़ले, प्रवीण चौधरी तथा एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं निलेश रघुवंशी, महेंद्र पवार, मिताली चौधरी, विजया सहारे, रोशनी तायवाड़े, भारती सोनी, प्रियंका पवार, तुलसी मालवी और कृष्णा सिंह ने सक्रिय सहभागिता दी।

## पटवारी ने किया पद का दुरुपयोग, हरे -भरे पेड़ों पर चलाई जेसीबी

**आमला, देशबन्धु।** शासकीय कर्मचारी नियमों को दरकिनार कर अपने फायदे के लिए हरे भरे पेड़ो पर जेसीबी चला रहे है। अब इन पर कौन कार्रवाई करेगा क्योंकि राजस्व विभाग से अनुमति लेना था। लेकिन पटवारी होने के कारण अपने पद का दुरूपयोग कर पेड़ो पर जेसीबी चलाई गई। जानकारी के अनुसार ग्राम खारिमाल में एक पटवारी ने अपने खेत को समतलीकरण करने के लिए बिना राजस्व और पंचायत से अनुमति लिए हरे भरे पेड़ों पर जेसीबी चलाकर उन्हें जड़ से उखाड़ फेंका। यह मामला ग्राम डंगरिया में पदस्थ पटवारी के खेत का है, जहां एक दर्जन से अधिक पेड़ों को नष्ट कर दिया गया है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है और पेड़ों की कटाई का यह मामला चर्चा में आ गया है। पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि पटवारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पेड़ों की कटाई की है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है और इससे भविष्य में कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी अपने पद का दुरूपयोग कर सरकारी रास्ता भी अपने कब्जे में कर रहा है। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया है।



### इनका कहना है

इस मामले में तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शैलेंद्र बड़ोनिया एसडीएम आमला**

खारिमाल आमला मण्डल में आता है। इसकी जांच तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

**श्याम बिहारी समेल, नायाब तहसीलदार बोरदेही**

## जिला अस्पताल में रक्त की कमी की सूचना मिलते ही जैन युवा संघ ने करवाया 26 यूनिट रक्तदान

**बैतूल,देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय के रक्त विभाग से जैसे ही रक्त की कमी की जानकारी जैन युवा संघ के पदाधिकारियों को दी गई, वैसे ही उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई। संघ के पदाधिकारी विनीत गोठी और प्रणय मरोठी को अस्पताल से फोन पर रक्त की कमी की सूचना दी गई थी। उन्होंने इसे जीवनदायिनी जिम्मेदारी के रूप में लिया और कुछ ही घंटों के भीतर 26 लोगों से रक्तदान करवाकर रक्त की जरूरत को पूरा कर दिया। इस कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में विशाल लोहाड़िया, प्रतिभा लोहाड़िया, अरुण गोठी, साधना गोठी, मुकेश गोठी, यश गोठी, तेजल गोठी, अक्षय सिंह, कुशल मेहता, कवि वाघमारे, कमलेश सोनी, अमित बोथरा, राम शंकर गोहे, हर्षित गोठी, निखिल अग्रवाल, श्वेता जैन, अंकुर तातेड, विनय सुराणा, तनिषा जैन, रचना मेहता, राहुल राठौर, चिराग वोरा, प्रणय मरोठी, विनीत गोठी, रामशंकर गाडगे और सिद्धार्थ गोठी का नाम शामिल है। इस विशेष रक्तदान में तनीषा जैन, कुशल मेहता और कवि वाघमारे ने पहली बार रक्तदान कर नई मिसाल पेश की। जैन समाज द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर मोती ज्वेलर्स के सामने लगाया गया था। जैन समाज के लोगों ने रक्तदाताओं को बधाई दी और उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सतीश पारख ने बताया कि आज 21 मई को बोथरा क्लाथ के सामने शिविर लगाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बैतूल जिला चिकित्सालय में लगभग हर जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त मिल जाता है और इसका श्रेय जिले के सभी समाजों की जागरूकता और सहयोग को जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान ही जीवन है और समय पर रक्तदान करके हम कई अनजाने लोगों की जान बचा सकते हैं।



## केदारनाथ धाम के लिए जत्था रवाना



**बैतूल, देशबन्धु।** क्षेत्र की उन्नति की कामना को लेकर ग्राम पंचायत भडूस से श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। रेलवे स्टेशन पर जनपद पंचायत सदस्य अकलेश वाघमारे, ओमकार वाघमारे, राहुल वाघमारे, निखिल पॉवर और महेश पाटिल ने केदारनाथ धाम यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जनपद पंचायत सदस्य श्री वाघमारे ने बताया कि यह जत्था बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए बैतूल रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। इस यात्रा के लिए सभी श्रद्धालु अत्यंत उत्साहित हैं और उनकी श्रद्धा और भक्ति इस यात्रा के माध्यम से बाबा केदारनाथ तक पहुंचेगी। केदारनाथ धाम यात्रा में निशांत बर्दे, कार्तिक बचले, राहुल पवार, राजा अमझरे, सेवाक्रम अमझरे, संतोष खड़िया, सचिन अमझरे, राहुल खड़िया, महादेव सेंद्रे, नीलेश पाटील, सूरज मानकर, धनराज मनकर, राहुल अमझरे, महेश पाटिल, निखिल राजपूत और गौरव ताइवाडे श्रद्धालु शामिल हैं।

## रास्ते पर हो रहा अतिक्रमण, रहवासी परेशान

### कलेक्टर से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल बाजार रोड स्थित कृष्णा नगर बडोरा के रहवासियों ने कलेक्टर को शिकायत कर महाराजा मोटर्स के पास रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि वे सभी बैतूल बाजार रोड पर स्थित कृष्णा नगर बडोरा, महाराजा मोटर्स के पीछे निवास करते हैं। उनकी कॉलोनी का रास्ता मुख्य मार्ग बैतूल-नागपुर रोड से अंदर की ओर आता है, लेकिन जैसे ही मुख्य मार्ग से अंदर प्रवेश करते हैं, वहां अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे रास्ता सकरा हो गया है और लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। रहवासियों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पूर्व में भी तहसीलदार को भी एक लिखित आवेदन सौंपा था, परंतु अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद =मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी। रहवासियों का आरोप है कि शिकायत के बाद तहसीलदार ने यह कहते हुए शिकायत बंद करवा दी कि अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा और जो निर्माण हो रहा है उसे तोड़ा जाएगा, लेकिन आज तक ऐसा कुछ नहीं किया गया। रहवासियों ने आरोप लगाया कि तहसीलदार ने अतिक्रमण कर रहे व्यक्ति का पक्ष सुना और उसके प्लॉट की नाप जोख करवाकर उसे निर्माण कार्य की अनुमति दे दी, जबकि हमें इस संबंध में कोई सूचना तक नहीं दी गई। रहवासियों का कहना है कि जहां पर अतिक्रमण किया जा रहा है, वहां न्यायालय द्वारा पूर्व में वाद क्रमांक 22ए/2010 में आदेश पारित कर रास्ता मान्य किया गया है। इसके अलावा यह प्लॉट श्री अनिरुद्ध ने श्री चौरे और वीरेंद्र करणे से खरीदा था, जिसके दस्तावेजों में भी रास्ते का स्पष्ट उल्लेख है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रास्ते से अतिक्रमण हटवाया जाए ताकि आमजन को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। शिकायत करने वालों में शिव प्रसाद राठौर, रामकुमार किरार, एनआर अडलक, जगदीश बारपेटे, लोकेश पटैया, राम बारस्कर, एनएल हारोडे, राजकुमार राठौर, पांडुरंग चिल्हाटे, सतीश पवार, दयानंद लिलहोरे, द्वारका प्रसाद सोनी, एसडी बाथरी, राजेंद्र पवार, एनके धाकड़, दिनेश सूर्यवंशी, दिनेश हारोडे, एचएन साहू, शिवचरण कापसे, महेश सिसोदिया, पंकज, सतीश, राजेश साहू, कैलाश पंडाग्रे, बीआर पंडाग्रे सहित अनेक वार्डवासी शामिल है।



## विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप, कांग्रेस पार्षदों ने जताई आपत्ति

**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई नगर पालिका में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अधिकारी से शिकायत करते हुए पक्षपात और षड्यंत्र का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत आवेदन में कहा गया है कि नगर में कुछ विशेष वार्डों में योजनाबद्ध तरीके से अधिक विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि कुछ वार्डों में नाम मात्र के कार्य किए जा रहे हैं। इस विषय में कांग्रेस पार्षदों को कोई सूचना तक नहीं दी गई, जिससे स्पष्ट होता है कि यह कार्य बिना पार्षदों की राय और बिना किसी बैठक के किया जा रहा है। कांग्रेस पार्षद वंदना नितेश साहू, अंजलि सुमित शिवहरे, नीतू परमार और निर्मला उबनारे ने ज्ञापन में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि भगत सिंह वार्ड में रोड और नालियों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसकी कोई जानकारी कांग्रेस पार्षदों को नहीं दी गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि मनोनीत अध्यक्ष द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए चुनिंदा वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि तत्कालीन अधिकारियों और मनोनीत अध्यक्ष की आपसी सांठगांठ से कुछ वार्डों में जानबूझकर ज्यादा राशि खर्च की जा रही है, जबकि अन्य वार्डों की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने इसे एक सुनियोजित पक्षपातपूर्ण षड्यंत्र करार दिया और कहा कि यह जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और विकास कार्यों की डीपी सभी पार्षदों की सहमति से पारित की जाए। साथ ही सभी वार्डों में विकास कार्यों के लिए समान राशि वितरित की जाए ताकि नगर का संतुलित और पारदर्शी विकास हो सके। कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए नियम अनुसार पूर्ण प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यवाही की जाए।



## शिकायत निवारण प्राधिकरण के अध्यक्ष किसना अतुलकर का किया सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ने सेवा निवृत्त न्यायाधीश किसना अतुलकर को जिला शिकायत निवारण प्राधिकरण, बैतूल का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आयु. संदीप पाटिल के नेतृत्व में सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा और श्री अतुलकर से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री अतुलकर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव कमलेश उबनारे, सचिव दिनेश मालवीय, दिनेश पाटिल, संगठन मंत्री मनोज गुजरे, विनोद दवंडे, डॉ. सोनारे एवं बबलू महाले उपस्थित रहे। सोसायटी के पदाधिकारियों ने आशा जताई कि श्री किसना अतुलकर के अनुभव और न्यायिक दृष्टिकोण के चलते जिला शिकायत निवारण प्राधिकरण की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आम नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान उनके कार्यकाल में सुनिश्चित होगा।



## कोरकू समाज के भगत-भूमका पर आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** कोरकू समाज के भगत-भूमका पर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया है। इस मामले में समाज के प्रमुख लोगों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार अनावेदक महादेव बारस्कर (बेठे) ने सोशल मीडिया पर कोरकू समाज के भगत-भूमकाओं को फर्जी ।और मनगढ़ंत जैसे शब्दों का उपयोग कर अपमानित किया है, जिससे समाज में आक्रोश का माहौल बन गया है। समाज के लोगों का कहना है कि इससे समाज के युवाओं और सामाजिक संगठनों में रोष बढ़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि महादेव बारस्कर पहले भी भ्रमित करने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल चुके हैं।



उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना को लेकर भी भ्रामक जानकारी फैलाई है। बारस्कर ने इस योजना के सामूहिक विवाह समारोहों को लेकर गलत तथ्य और गलत परंपराओं का उल्लेख कर समाज में भ्रम फैलाने की कोशिश की है। इस मामले में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की पोस्ट से समाज में आक्रोश है और आने वाली पीढ़ी के युवाओं में गलत संदेश जा रहा है। शिकायत करने वालों में जिला अध्यक्ष भूमका संघ किशोरी बैठे, हरेलाल सेलुकार, खुशराज ढ़ीकारे, सोमजी कसदे, साबूलाल, मोग्या , परसु, लक्ष्मण, केन्डे, बंडू लिखितकार (अकास जिला अध्यक्ष), महेंद्र साहू (विहिप), धर्मेंद्र रनिया, नितिन लोबो, अरुण मौसिक,धनराज टादिलकर, माखन बैठे, लालू दरसिम्हा, विनेश बारस्कार, देवा, आयुष, शुभम, अनिल, आनंद, अभिषेक, ज्ञानराव, लक्ष्मण, ललित सहित दर्जनों भगत-भूमका गण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने एसपी से इस मामले में उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने किया जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए किया भूमि पूजन

# लालबाग के ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण 2 साल में पूरा होगा



मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ किया पैलेस का अवलोकन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुनः प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप, रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद

# खेलकूद गतिविधियों में सहभागिता के लिये किया प्रोत्साहित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विकास और विस्तार की संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने शासन की कृषि संबंधी मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विकास में अग्रणी राज्य की भूमिका अदा करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से खेल गतिविधियों के तहत हमें पचमढ़ी और मनाली शिविर में ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रीपरिषद के निर्णयों को बताया ऐतिहासिक, कहा-

# सत्ता को सेवा का जरिया मानती है भाजपा सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्या नारी शक्ति, जनकल्याण और न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सेवा का माध्यम होनी चाहिए। आज जब सरकार उनके पदचिन्हों पर चलकर गरीब, वंचित, और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए काम कर रही है, तब यह आयोजन एक आध्यात्मिक और वैचारिक प्रेरणा का कार्य करता है। श्री शर्मा ने इंदौर के राजबाड़ा में संपन्न मंत्रीपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया से कहा कि आज हम सभी गौरवान्वित हैं कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की 3 सौ वें जन्म जयंती वर्ष में इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा में कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर शहरों में मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के गठन का निर्णय लेकर शहरी विकास की नई परिकल्पना पर मोहर लगा दी है। महानगर के रूप में ये 5 शहर समूचे प्रदेश के विकास को गति देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई के पदचिह्नों पर चलते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक की स्थापना के लिए 2200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। श्री शर्मा ने कहा कि जिस तरह से 3 सौ वर्ष पहले देवी अहिल्याबाई ने महेश्वरी साड़ियों के माध्यम से बहनों के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए थे, वैसे ही कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और उन्होंने लाखों बहनों को लखपति दीदी बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। देवी अहिल्याबाई की जयंती पर 31 मई को राजधानी भोपाल में ऐसी ही बहनों का महासम्मेलन होगा, जो स्वसहायता समूहों और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। श्री शर्मा ने कहा कि पहले सड़क से गुजरने वाले किसी घायल को सड़क पर पड़ा हुआ देखकर भी अपने रास्ते निकल जाते थे, क्योंकि उन्हें कानूनी झमेले में पड़ने का डर होता था। लेकिन आज कैबिनेट ने राहवीर योजना के संबंध में निर्णय लिया है, वह सरकार की संवेदनशीलता का उदाहरण है।

## मप्र में पारेषण हानि अब तक के न्यूनतम स्तर पर: तोमर

**भोपाल, देशबन्धु ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारेषण हानि को ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर तक लाने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्युत कर्मियों की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी, उन्नत प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी उपायों के समन्वय से संभव हो सकी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयो द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2.77 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में पारेषण हानि को घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाया गया है। यह राज्य की विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पिछले दो वर्षों की तुलना में भी उल्लेखनीय सुधार है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पारेषण हानि 2.61 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2024-25 में इसमें 0.01 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई है। किसी भी ट्रांसमिशन प्रणाली में पारेषण हानि के न्यूनतम स्तर पर होने से न केवल पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है।

# लोक निर्माण विभाग में तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग में सहायक और प्रभारी कार्यपालन यंत्री के तवादले किये गये है तवादले आदेश के मुताबित विजय सिंह पवार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री खरगोन से प्रभारी कार्यपालन यंत्री बड़वानी, महेन्द्र सिंह चौहान, कार्यालय मुख्य अभियंता उज्जैन से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रतलाम, के.एन.प्रजापति प्रभारी कार्यपालन यंत्री बड़वानी से प्रभारी कार्यपालन यंत्री हरदा, देवेन्द्र सिंह भदोरिया प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीहोर से प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्वालियर, नितिन पटेल अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग बरेली से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, बी.एल.एम.एल अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम से प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीहोर, आकाश दुबे प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजगढ़ से प्रभारी कार्यपालन यंत्री खरगोन, दीपक कुमार अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ से प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजगढ़, नीलेश गुप्ता प्रभारी कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा से कार्यालय मुख्य अभियंता इन्दौर, संतोष ठाकुर कार्यालय मुख्य अभियंता रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा, के.के.तिवारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री अशोकनगर, दयाशंकर त्रिपाठी सहायक यंत्री संभाग रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, अनामिका सिंह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग रीवा, सुभाष पाटिल प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग हरदा से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जे.के.पथं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी उप संभाग राघौगढ़ संभाग गुना से प्रभारी कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम, प्रीति पटेल सहायक यंत्री भोपाल से प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग बेतूल, अरविन्द पाठक अनुविभागीय अधिकारी विदिशा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रायसेन, सुखराम नेवारे अनुविभागीय अधिकारी संभाग बालाघाट से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, आर.के.बंदुके अनुविभागीय अधिकारी संभाग बड़वानी से सहायक यंत्री रीवा, कुंवर सिंह तंवर अनुविभागीय अधिकारी देवास से सहायक यंत्री संभाग श्योपुर, बाबूलाल पनिका अनुविभागीय अधिकारी संभाग सिवनी से सहायक यंत्री संभाग अशोकनगर, राजेश मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा से अनुविभागीय अधिकारी संभाग बालाघाट, विनोद कुमार अनुविभागीय अधिकारी सिंगरोली से सहायक यंत्री सिंगरोली, बी.पी.खरे अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहपुर से सहायक यंत्री नरसिंहपुर, किर्ती चौधरी अनुविभागीय अधिकारी विदिशा से कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी रीवा से उपयंत्री संभाग रीवा, राकेश उपाध्याय प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर से उपयंत्री संभाग ग्वालियर, विनोद बरकने अनुविभागीय अधिकारी संभाग हरदा से अनुविभागीय अधिकारी खण्डवा, विष्णुभगवान अनुविभागीय अधिकारी संभाग श्योपुर से अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर, राहुल पाटिदार कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से सहायक यंत्री बड़वानी, पलक जैन अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी भोपाल, गिरीष हिंगवे मुख्य कार्यपालन अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग बैतूल रोहित साहू अनुविभागीय अधिकारी संभाग छिंदवाडा से अनुविभागीय अधिकारी जबलपुर, सौरभ गौर कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग भिण्ड, अदिति राय कार्यालय प्रमुख अभियंता भोपाल से कार्यालय कार्यपालन यंत्री भोपाल, कुंदन मण्डलोई कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी संभाग अलीराजपुर, केशव रैदास कार्यालय प्रमुख अभियंता भोपाल से कार्यालय अधीक्षण यंत्री जबलपुर, सुश्री रश्मि अनुविभागीय अधिकारी मण्डला से सहायक यंत्री मण्डला, वैभव मिश्रा सहायक यंत्री सतना से सहायक यंत्री रीवा, अग्रषी गोयल अनुविभागीय अधिकारी संभाग सतना से कार्यालय अधीक्षण यंत्री मण्डल रीवा, नीतू पटेल सहायक यंत्री रायसेन से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग नर्मदापुरम पदस्थ किया गया है।

# तुर्की व अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में कमी

42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। हालिया भारत-पाक संघर्ष में दोनों ही देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया, जिसके चलते भारतीयों की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया दी जा रही है। वीजा प्रॉसेसिंग प्लेटफॉर्म एटलिस से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, केवल 36 घंटों के भीतर, वीजा आवेदन प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ने वाले यूजर्स की संख्या में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एटलिस के संस्थापक और सीईओ मोहक नाहटा ने कहा, प्रतिक्रिया तीव्र और व्यवहारिक थी। लोगों को कुछ गंतव्यों से बचने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं थी। वे सहज ज्ञान, जानकारी और विकल्पों तक पहुंच के आधार पर आगे बढ़े। यह मॉडर्न ट्रैवल को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा, इसी भावना में हमने भारत के साथ खड़े होकर और राष्ट्रीय भावना के साथ एकजुटता दिखाते हुए तुर्की और अजरबैजान के लिए सभी मार्केटिंग प्रयासों को भी रोक दिया। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों से आने वाले यात्रियों ने तुर्की जाने के लिए आवेदनों में 53 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करवाई, जबकि इंदौर और जयपुर जैसे टियर 2 शहरों से आने वाले यात्रियों की रुचि अधिक मजबूत रही, जो केवल 20 प्रतिशत कम रही।

# नगर निगम आयुक्त की नियुक्ति को उच्च न्यायालय ने माना अवैध

प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को लौटने के आदेश

**ग्वालियर, देशबन्धु।** आईएएस संघप्रिय गौतम की नगर निगम आयुक्त के तौर पर नियुक्ति को उच्च न्यायालय ने अवैध माना है। साथ ही नगर निगम में प्रतिनियुक्ति पर आए 61 कर्मचारियों को भी अपने मूल विभाग में भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही न्यायालय ने निगम के अतिरिक्त आयुक्त अनिल कुमार दुबे को इस मामले में झूठा शपथ पत्र देने के लिए दोषी पाया गया है। हालांकि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई का फैसला बाद में लिया जाएगा।

दरअसल नगर निगम आयुक्त के पद के लिए सरकार को आदेश में धारा 54 के तहत प्रतिनियुक्ति पर भेजने का आदेश जारी करना था, जो नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने इसी को आधार बनाते हुए उनकी नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। साथ ही अन्य 61 कर्मचारियों को भी वापस मूल विभाग भेजने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने इसके लिए 15 दिन का समय दिया है, ताकि कोई कार्य प्रभावित न हों। यह पूरा विवाद नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पशु चिकित्सक की नियुक्ति के बाद सामने आया। न्यायालय ने जिस धारा 54 का उल्लेख करते हुए आयुक्त संघप्रिय गौतम की नियुक्ति को अवैध बताया है, उससे पूरे प्रदेश के नगर निगम आयुक्तों को बदलने या नए सिरे से उनके नियुक्ति आदेश जारी करने के हालात पैदा हो गए हैं।

ज्ञात हो कि नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी की पोस्ट पर पशु चिकित्सक डॉ. अनुज शर्मा को प्रतिनियुक्ति देने के बाद विवाद उत्पन्न हुआ था। डॉ. अनुराधा ने इस बात पर आपत्ति जताई थी और न्यायालय की शरण ली थी। सवाल उठाया गया कि डॉ. अनुज शर्मा पशु चिकित्सक होते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी की पोस्ट पर कैसे काम कर सकते हैं। इस पद पर एमबीबीएस डॉक्टर को ही नियुक्त किया जा सकता है। याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने निगम में प्रतिनियुक्ति पर आए सभी कर्मचारियों की सूची मांगी, तो पता चला कि 61 कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर जमे हुए हैं। इस पर न्यायालय ने नगर निगम में प्रतिनियुक्ति और तबादला लेकर आए 61 अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। अब सभी 61 कर्मचारियों को अपने मूल विभाग वापस भेजने के आदेश हैं।

सुनवाई के दौरान प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे 61 कर्मचारियों की सूची को देखकर उच्च न्यायालय ने इन कर्मचारियों से पूछा है कि वह अपना मूल विभाग छोड़कर नगर निगम में काम क्यों कर रहे हैं और क्यों करना चाहते हैं। ऐसा क्या है कि जो उनके मूल विभाग में नहीं है? उच्च न्यायालय ने नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय को नोटिस की तामीली की जिम्मेदारी दी है।

2 सीए भी आए जांच के दायरे में

# अखबार मालिक पर 16 करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोप, बेटे को किया गिरफ्तार

**इंदौर, देशबन्धु।** शहर से प्रकाशित एक प्रमुख अखबार के मालिक विष्णु गोयल पर 16 करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोप लगा है। इस मामले में शिकायत और जांच के बाद अखबार मालिक के बेटे रवि गोयल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस प्रकरण में 2 सीए भी जांच की जद में आ गए हैं।

जानकारी के अनुसार डीजीजीआई को जून 2023 में गुप्त सूचना मिली थी, कि इंदौर की मेसर्स श्रीनाथ एग्रो इंटरप्राइजेज द्वारा फर्जी व कूट-रचित दस्तावेज बनाकर कर की चोरी की जा रही है। जिसके बाद 13 जून 2023 को छापे की कार्रवाई की गई। इस दौरान वहां किराने की दुकान मिली। दुकान के मालिक राजेश गोयल को पकड़ा तो गया तो उसने बताया कि पूरा काम रवि गोयल करता है। जीएसटी इनवॉइस रवि गोयल ने बनाई और इसमें सीए सत्यनारायण गोयल और सीए आयुष गुप्ता ने उसकी मदद की। विभाग की जांच में आया कि इसमें किसी तरह से माल की खरीदी-बिक्री नहीं हुई और सब फर्जी कागजों पर हुआ। मामले की जांच शुरू हुई तो यह बात सामने आई कि श्रीनाथ एग्रो के फर्जी इनवॉइस के जरिए आगे एमएस अल्फाविजन ओवरसीज, एमएस अल्फाविजन फाइबर्स कंपनियों ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट ली जो 16 करोड़ की थी। इन कंपनियों में रवि गोयल और उनके पिता विष्णु गोयल ही कर्ताधर्ता हैं। वहीं यह कंपनियां आपस में जुड़ी हैं, इससे साबित होता है कि यह एक ही आईपी एड्रेस से इनके जीएसटी रिटर्न भरे गए।

वहीं गोयल ने भी इस मामले में अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जवाब दिया , जिसमें उन्होंने इस पूरे मामले को झूठा बताया है। यह मामला श्रीनाथ कंपनी के राजेश गोयल के बयान पर है जो उन्होंने वापस भी ले लिया था। मुझ पर डीजीजीआई और विभाग द्वारा दबाव डाला गया, मारपीट हुई और मोबाइल भी छीना गया। हालांकि न्यायालय ने रवि गोयल की जमानत नामंजूर कर दी और डीजीजीआई को रिमांड दे दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**शहरों के विकास के लिए....** विकास करना होगा और यह नगर निगम या अन्य प्राधिकरणों के कार्यों को प्रभावित नहीं करेगा। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के चेयरमैन होंगे। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएगा। इसके तहत तीन स्तरों की समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें दो स्तरों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे और तीसरे स्तर में स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि होंगे।

श्री विजयवर्गीय ने बताया कि इस अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के समग्र क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य से महानगर योजना समिति और महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण संबंधित क्षेत्र की विकास योजना का प्रारूप तैयार करेगा और उसे अनुमोदन के लिए महानगर योजना समिति के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगा। राज्य सरकार द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उसका क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस विकास योजना में क्षेत्र की भौगोलिक और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक, औद्योगिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

**शाह को बैठक से...** तीखी नाराजगी जताई है और उनके आपत्तिजनक भाषण को लेकर मध्यप्रदेश पुलिस को एसआईटी गठन के निर्देश दिए जिसके बाद शाह से जुड़े मामले की जांच अब एसआईटी करेगी। डीजीपी ने कल ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एसआईटी का गठन किया है।

**महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन....**22 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर पर केंद्रित महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन किया जाएगा। 23 मई को ग्राम-महिदपुर, उज्जैन में देवी अहिल्या पर केंद्रीत महिला कवि सम्मेलन आयोजित होगा। ग्वालियर में 24 मई को नर्मदापुरम में 26 मई को, 27 मई को भोपाल और बैतूल में 28 मई को महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन होगा।

**सवाल पूछने वालों को चुप....** निदेशालय(ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गए हैं।' उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल....** करने के लिए एकजुट होना चाहिए, अभिषेक बनर्जी का शामिल होना दृढ़ विश्वास और स्पष्टता दोनों लाता है। उनकी उपस्थिति न केवल आतंकवाद के खिलाफ बंगाल के दृढ़ रुख को दर्शाएगी बल्कि वैश्विक मंच पर देश की सामूहिक आवाज को भी मजबूत करेगी। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने अपना एक प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर भेजने का निर्णय लिया है। अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रीनगर, पुंछ और राजौरी जाएगा और 21 से 23 मई तक क्षेत्र में रहेगा।

**छगन भुजबल ने ली मंत्री....** से इस्तीफा दिया था। भुजबल को यही खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय मिल सकता है, क्योंकि इसके पहले वह दो बार यह मंत्रालय संभाल चुके हैं।

आहत भुजबल ने पार्टी नेतृत्व के समक्ष अपनी नाराजगी खुले तौर पर जाहिर की थी और कहा था कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के ओबीसी मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के बावजूद उनके बारे में विचार नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के कई कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी, लेकिन पार्टी अध्यक्ष अजित पवार और कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। इसके अलावा, दो बार राज्यसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में उनके नामांकन पर विचार न किए जाने से भी वे नाराज थे।

**उच्च न्यायालय ने कहा, नाम....** जा सकते हैं, न्यायालय की इसमें कोई भूमिका नहीं है। न्यायालय ने यह भी साफ किया कि किसी स्थान को विशेष रूप से पहचान देना, स्मारक स्थापित करना या नाम परिवर्तन करना सरकार का काम है। न्यायालय ने कहा कि किसी दिवंगत व्यक्ति को बलिदानी का दर्जा देने का अधिकार भी अदालत के पास नहीं है, यह पूरी तरह से सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायालय ने कहा कि न्यायालय नीति निर्माण में हस्तक्षेप नहीं कर सकती और इस मामले में उसकी भूमिका सीमित है, क्योंकि यह संसद या विधानसभा का विषय है। हालांकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ता को यह सलाह दी कि वे सरकार के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे इस मुद्दे पर कानूनी दृष्टिकोण से विचार किया जा सके।

**अंतरिम राहत के लिए मजबूत....** वक्फ, हमेशा वक्फ। कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले, हालांकि संपत्ति को एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया था, लेकिन संपत्ति की पहचान वक्फ होने से नहीं बदली और सरकार को हस्तांतरित हो गई। अब ऐसी वक्फ संपत्ति शून्य हो जाएगी और एक बार वक्फ शून्य हो जाने पर लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा। धार्मिक गतिविधि को स्वतंत्र रूप से करने के अधिकार पर रोक लगा दी गई है। इस पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि लोग अभी भी खजुराहो मंदिर में जाकर प्रार्थना करते हैं, हालांकि इसे एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है।सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 15 मई को सुनवाई 20 मई तक टाली थी और कहा था कि वह अदालतों, उपयोगकर्ता या विलेख के जरिये वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति समेत तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी।

## मदरसों के प्रति अपना रवैया बदले उप्र सरकार : मायावती

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। मायावती ने एक्स पर लिखा यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर। वैसे तो सरकारी स्कूलों के हालात देश के अधिकतर राज्यों में काफी खराब हैं किन्तु यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय।

## स्थापना दिवस मनाया

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर स्थित राजभवन में मंगलवार को गोवा, सिक्किम और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस पूरी भव्यता से मनाया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए अमानवीय कृत्य का बदला हमने दृढ़ता से लिया है और समग्र विश्व को अपनी एकता की ताकत दिखायी है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।